दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!
Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 09 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1089

## संक्षिप्त खबरें ।

### रूस की "स्पेस स्ट्राइक" से यूरोप में हड़कंप: रूसी सैटेलाइट्स ने GPS सिग्नल किए जाम, विमानों और जहाजों के लिए बढ़ा खतरा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**बर्लिन/लंदन।** वैज्ञानिकों ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि रूसी सैटेलाइट्स यूरोप के कई हिस्सों में जीपीएस (GPS) सिग्नलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस खुलासे ने उन प्रणालियों की संवेदनशीलता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं, जिन पर रोजाना करोड़ों लोग निर्भर हैं।

**युद्ध का नया मैदान बना अंतरिक्ष :** यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस एट ऑस्टिन द्वारा प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार, ये घटनाएं दिखाती हैं कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच अंतरिक्ष आधारित तकनीक अब युद्ध का नया मैदान बनती जा रही है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि रूस से जुड़ी इन गतिविधियों के कारण यूरोप के कई क्षेत्रों में नेविगेशन सिग्नलों में गड़बड़ी देखी गई है, जिसका सीधा असर विमानों और समुद्री जहाजों पर पड़ रहा है।

**नेविगेशन में आ रही भारी बाधा :** रिपोर्ट के मुताबिक, इन व्यवधानों के तहत सैटेलाइट नेविगेशन सिग्नलों को दबाने या उन्हें विकृत (Distort) करने की कोशिश की जाती है। इससे जमीन पर मौजूद रिसीवरों के लिए सटीक स्थान का पता लगाना बेहद मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीपीएस केवल स्मार्टफोन मैप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्दे के पीछे बहुत बड़ी भूमिका निभाता है; ऐसे में एक मामूली सी बाधा भी बड़े परिचालन संकट और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को जन्म दे सकती है।

**डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर :** जानकारों का मानना है कि ये घटनाएं इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (Electronic Warfare) के बढ़ते चलन का हिस्सा हैं। अब देश केवल पारंपरिक सैन्य हथियारों पर निर्भर रहने के बजाय डिजिटल और अंतरिक्ष-आधारित बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। विशेष रूप से 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से संवेदनशील इलाकों और युद्ध क्षेत्र के करीब के हिस्सों में जीपीएस व्यवधानों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि भौतिक हमलों की तुलना में सिग्नल हस्तक्षेप को तुरंत ट्रैक करना काफी कठिन होता है। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए यूरोपीय अधिकारी और सुरक्षा विशेषज्ञ अब बैकअप नेविगेशन सिस्टम और ऐसी तकनीकों की तलाश कर रहे है।

# चोर को रक्षक बनाया तो यही होगा, राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद पर शंकराचार्य का बीजेपी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**आगरा।** ताजनगरी आगरा पहुंचे ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में चढ़ावा चोरी होने के विवाद पर एक बहुत ही बड़ा और तीखा बयान दिया है. उन्होंने बेहद कड़े शब्दों में कहा कि जब चोर को ही रक्षक बना दिया जाएगा तो फिर ऐसा ही अंजाम देखने को मिलेगा. शंकराचार्य ने साफ तौर पर कहा कि राम मंदिर की व्यवस्थाओं को संभालना किसी राजनीतिक या सामाजिक संगठन का काम बिल्कुल भी नहीं है. बल्कि यह पूरी व्यवस्था और जिम्मेदारी देश के प्रतिष्ठित धर्माचार्यों की थी।

शंकराचार्य ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि आपने सोची-समझी रणनीति के तहत धर्माचार्यों के 'रामालय ट्रस्ट' को दरकिनार कर दिया और उसकी जगह अपने राजनीतिक कार्यकर्ताओं का एक नया ट्रस्ट लेकर आ गए. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर उनका नया ट्रस्ट क्यों बनवाया गया? पहले तो वहां जमीनों के नाम पर बड़ा घोटाला देखने को मिला, जहां रजिस्ट्रियां इधर से उधर की गईं. और अब तो हद ही हो गई है कि सीधे दानपेटी से ही धन निकाला जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर निशाना साधते हुए कहा कि वे इस पूरे मामले पर सिर्फ और सिर्फ राजनीति कर रहे हैं. आपको बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 'गविष्टि यात्रा' इन दिनों आगरा पहुंची हुई है, जो मुख्य रूप से गो-संरक्षण और आम जनता में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है. सोमवार को आवास विकास के सेंट्रल पार्क में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शंकराचार्य ने जनता को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।



**मुस्लिम समाज के लोग गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने का पोस्टर लेकर पहुंचे**

आगरा में आयोजित शंकराचार्य के इस कार्यक्रम में एक बेहद अनोखा और दिल छू लेने वाला नजारा भी देखने को मिला. कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज के कई लोग हाथों में पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिस पर गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग लिखी हुई थी. इस पर खुशी जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि वह मुस्लिम समाज के इन लोगों का दिल से अभिनंदन करते हैं. उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्म में गाय को माता नहीं कहा गया है, यह हमारे सनातन धर्म में कहा गया है. इसके बावजूद वे हमारे सम्मान की खातिर आगे आकर गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की वकालत कर रहे हैं, जबकि सनातनी बताने वाले तथाकथित हिंदुओं के मुंह से इस मुद्दे पर एक बोल भी नहीं निकल रहा है।

**केशव के मुंह से अपने ही सीएम के लिए कोई बयान नहीं निकला':** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को संत विरोधी बताए जाने के बयान पर भी शंकराचार्य ने खुलकर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि इस मामले में डिप्टी सीएम का अपना कोई व्यक्तिगत अनुभव हो सकता है, जिस पर वो कोई टिप्पणी नहीं करेंगे. मगर, सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि उनके खुद के मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ), जिनके मातहत वो उप मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं, उनके कार्यकाल में संतों और सनातन धर्म के प्रतीकों का अपमान हुआ, लेकिन उनके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला।

शंकराचार्य ने आगे कहा कि अगर आप यह कहते हो कि अखिलेश यादव ने संतों का अपमान किया है, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तो अपमान किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे-छोटे बटुकों की चोटी तक उखाड़ दी गई, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर डिप्टी सीएम के मुंह से एक बोल भी नहीं फूटा. वे संतों के इस अपमान पर अपने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा तक नहीं दे पाए और न ही आज तक इस मामले में कोई उच्च स्तरीय जांच बैठाई गई. इसके बाद भी अगर केशव मौर्य दूसरों के ऊपर उंगली उठाते हैं या कुछ कहते हैं, तो यह साफ है कि वो सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। अखिलेश यादव के पैतृक गांव सैफई को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी पर भी शंकराचार्य ने करारा तंज कसा।

## न सांसद, न विधायक फिर इतनी सुरक्षा क्यों? मोहन भागवत की Z+ सिक्योरिटी पर RJD के इन तीखे सवालों से मचा सियासी हड़कंप

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार की सियासत में इन दिनों पूर्व मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छिड़ा घमासान अब एक बड़े राष्ट्रीय विवाद में तब्दील हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई सर्वोच्च 'जेड-प्लस' (Z+) श्रेणी की सुरक्षा और एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइजन (ASL) प्रोटोकॉल को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। यह राजनीतिक विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब आरएसएस प्रमुख अपने संगठन के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिहार के मुंगेर प्रवास के लिए पटना पहुंचे हैं। राजद ने इस सुरक्षा व्यवस्था की तुलना देश के केंद्रीय गृह मंत्री की सुरक्षा से करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं।



इस पूरे विवाद को हवा तब मिली जब राजद की राष्ट्रीय प्रवक्ता कंचन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक आधिकारिक बयान जारी कर मोहन भागवत की सुरक्षा व्यवस्था के औचित्य पर सवालिया निशान लगाया। राजद प्रवक्ता ने पूछा कि जो व्यक्ति कभी किसी संवैधानिक पद पर नहीं रहा, उसे देश की सबसे सुरक्षित और वीआईपी सुरक्षा श्रेणियों में से एक क्यों दी गई है। उन्होंने तर्क दिया कि मोहन भागवत न तो कभी देश के सांसद रहे हैं, न ही किसी राज्य के विधायक रहे हैं, और न ही उनके पास कोई प्रशासनिक या संवैधानिक जिम्मेदारी है। वह केवल एक संगठन के प्रमुख हैं, जिसे खुद प्रधानमंत्री ने एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) के रूप में परिभाषित किया था। राजद ने पूछा कि दुनिया के किस गैर-सरकारी संगठन के प्रमुख को केंद्रीय मंत्रियों के समकक्ष स्तर की सुरक्षा और एएसएल प्रोटोकॉल का अधिकार मिलता है।

राजद का यह तीखा हमला दरअसल बिहार सरकार द्वारा हाल ही में लालू प्रसाद यादव के परिवार की सुरक्षा में की गई भारी कटौती की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। बिहार सरकार की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा समिति की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी की सुरक्षा व्यवस्था को काफी कम कर दिया गया था। इसके अलावा तेज प्रताप यादव के पास अब केवल एक अंगरक्षक बचा है और राजद सांसद मीसा भारती की सुरक्षा में भी कटौती कर केवल दो सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

## अयोध्या राम मंदिर विवाद में चौतरफा घिरी BJP! पत्रकारों के सवाल पर भड़के पंकज चौधरी, चढ़ा सियासी पारा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में इस समय अयोध्या के राम मंदिर को लेकर एक बहुत बड़ा बवंडर खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर ऐसा गंभीर दावा किया है, जिसने देश के राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ आम जनता के बीच भी खलबली मचा दी है। अखिलेश यादव का आरोप है कि प्रभु श्री राम के दरबार में भक्तों द्वारा श्रद्धा से अर्पित की गई सात करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि गायब हो गई है। विपक्ष के इन तीखे हमलों के बाद जहां एक तरफ मंदिर प्रशासन सफाई देने में जुटा है, वहीं दूसरी तरफ इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।



**सवाल सुनते ही आपा खो बैठे बीजेपी अध्यक्ष:** जब इस कथित घोटाले को लेकर मीडिया के कैमरों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को घेरा, तो वे बुरी तरह भड़क गए। इस संवेदनशील विषय पर सीधे जवाब देने के बजाय वे बेहद गुस्से में नजर आए और सवाल पूछने वाले पत्रकार को ही सरेआम डांटने लगे। पंकज चौधरी ने साफ शब्दों में कहा कि अखिलेश यादव आए दिन कुछ भी बोलते रहते हैं और वे उनकी हर बात का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं हैं। उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह पूरी तरह से मंदिर प्रशासन और तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का अंदरूनी मामला है, इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है और न ही सरकार इसमें कुछ कर सकती है।

**सोशल मीडिया पर अखिलेश ने खोला मोर्चा:** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इस पूरे मामले को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सरकार और ट्रस्ट को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने लिखा कि पूरी दुनिया में फैले भगवान राम के करोड़ों भक्तों के लिए यह बेहद विचलित और दुखी करने वाली खबर है कि मंदिर के खजाने से जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा गायब है। उन्होंने इस स्थिति को ट्रस्ट के लिए बेहद शर्मनाक बताते हुए देश की सर्वोच्च अदालत से इस मामले का खुद संज्ञान लेने की मांग की है। अखिलेश ने यह भी कहा कि इस पूरे विवाद पर सरकार की रहस्यमयी चुप्पी बेहद संदेहास्पद है और ऐसा लग रहा है मानो सच को दबाने की कोशिश की जा रही है।

## बिहार के राशनकार्ड धारकों की लग गई लॉटरी! सरकार ने कर दिया ये बड़ा ऐलान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। सरकार ने उनकी सुविधा और सेहत को ध्यान में रखते हुए एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब राज्य में 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के राशन कार्ड धारकों को अनाज लेने के लिए जन वितरण प्रणाली यानी पीडीएस (PDS) की दुकानों पर जाकर लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा।

बिहार सरकार ने ऐसे सभी बुजुर्ग लाभार्थियों के घर तक खुद राशन पहुंचाने का जिम्मा उठाने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम से राज्य के लाखों बुजुर्गों को बहुत बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



**अगले महीने से लागू होने जा रही है यह खास व्यवस्था:** सामने आ रही जानकारी के मुताबिक, इस बेहतरीन व्यवस्था को अगले महीने से पूरे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने अपनी कमर कस ली है और एक विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार कर ली है। इस पूरी योजना को शुरू करने का मुख्य मकसद उन बुजुर्ग नागरिकों की मदद करना है, जिन्हें बढ़ती उम्र या खराब स्वास्थ्य के कारण राशन की दुकान तक चलकर जाने में बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

**कोटेदार खुद आपके घर आकर पहुंचाएंगे अनाज:** इस नई व्यवस्था को जमीन पर उतारने के लिए सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदारों को ही जिम्मेदारी सौंपने का मन बनाया है। अब ये दुकानदार ही तय लाभार्थियों के घर-घर जाकर अनाज पहुंचाएंगे। राशन की कालाबाजारी रोकने और वितरण को आसान बनाने के लिए अनाज को पहले से ही पैक कर दिया जाएगा, ताकि जब यह बुजुर्गों के पास पहुंचे तो पूरी तरह से व्यवस्थित रहे।

**राज्य के करीब 6.87 लाख परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ**

अगर सरकारी आंकड़ों की मानें तो बिहार में 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले राशन कार्डधारी परिवारों की संख्या करीब 6.87 लाख है। वहीं अगर इन परिवारों में रहने वाले कुल लाभार्थियों की बात करें तो यह संख्या लगभग 28 लाख के आसपास बैठती है। सरकार की इस नई पहल से इन सभी लोगों को सीधा फायदा पहुंचने वाला है। खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले बुजुर्गों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं होगी।

## थलापति विजय और कांग्रेस की दोस्ती देख DMK ने क्यों किया गठबंधन तोड़ने का ऐलान?

**लोक तंत्र की आवाज**

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है. थलापति विजय की राजनीतिक पार्टी टीवीके (TVK) ने तमिलनाडु में अपनी पहली और ऐतिहासिक राज्यसभा सीट कांग्रेस को देने का एक बड़ा फैसला किया है. थलापति विजय की ओर से कांग्रेस को यह सीट दिए जाने के तुरंत बाद सूबे की राजनीति में भूचाल आ गया है और स्टालिन की पार्टी डीएमके (DMK) ने 'इंडिया' ब्लॉक से अलग होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है. डीएमके के बड़े नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद से ही कांग्रेस के रवैये के कारण उनके जमीनी कार्यकर्ताओं को भारी ठेस पहुंची है, जिसके चलते अब वे इस गठबंधन को आगे नहीं खींच सकते।



**टीवीके के भीतर मची रार, लेकिन थलपति विजय अडिग :** तमिलनाडु में टीवीके की इस पहली और बेहद महत्वपूर्ण राज्यसभा सीट को लेकर राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ पार्टी के अंदर भी काफी ज्यादा उम्मीदें लगाई जा रही थीं. पार्टी के भीतर ही कई दिग्गज नेताओं ने यह मजबूत तर्क दिया था कि यह पहली सीट किसी बाहरी दल को देने के बजाय पार्टी के ही किसी कर्मठ और वरिष्ठ नेता को दी जानी चाहिए ताकि संगठन को मजबूती मिले. हालांकि, सूबे के मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो थलापति विजय की राय अपने नेताओं से बिल्कुल अलग थी और उन्होंने भविष्य की राजनीति को भांपते हुए एक अलग ही राह चुनी।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि थलापति विजय का यह चौंकाने वाला फैसला टीवीके को समय-समय पर समर्थन देने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी कृतज्ञता और आभार जताने के रूप में देखा जा रहा है. विजय से हरी झंडी मिलने के बाद कांग्रेस ने इस सीट के लिए प्रवीण चक्रवर्ती को अपना राज्यसभा उम्मीदवार घोषित कर दिया है. आपको बता दें कि प्रवीण चक्रवर्ती को थलापति विजय का बेहद करीबी और भरोसेमंद माना जाता है. इसके साथ ही टीवीके और कांग्रेस के संबंधों को धरातल पर मजबूत करने में भी चक्रवर्ती ने अतीत में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**राज्यसभा सीट देकर थलापति विजय ने विरोधियों को दिया कड़ा संदेश:** इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम से पहले जब थलापति विजय पड़ोसी राज्य केरल के मुख्यमंत्री के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए थे, तब मीडिया और सियासी गलियारों में तरह-तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थीं. उस वक्त ऐसी खबरें उड़ी थीं कि दोनों दलों के संबंधों में एक बड़ी दरार आ गई है और टीवीके अब धीरे-धीरे कांग्रेस से दूरी बनाने की कोशिश कर रही है. लेकिन अब इस राज्यसभा सीट को सीधे कांग्रेस की झोली में डालकर थलापति विजय ने तमाम अफवाहों पर पूरी तरह से विराम लगा दिया है। विजय ने कांग्रेस और डीएमके के बीच लगातार बढ़ते जा रहे मतभेदों के बावजूद, कांग्रेस पार्टी के साथ अपने मजबूत और अटूट संबंधों का एक सीधा संकेत दे दिया है. इस बड़े फैसले के बाद टीवीके और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के अंदरूनी सूत्रों का साफ तौर पर कहना है कि दोनों दल किसी शॉर्ट-टर्म फायदे के लिए नहीं जुड़े हैं, बल्कि वे एक दीर्घकालिक रणनीति है।

## तुरंत देश छोड़ दें', ईरान पर मंडराया बड़ा खतरा, भारत ने जारी की सख्त एडवाइजरी!

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** मिडल ईस्ट में एक बार फिर बमबारी तेज हो गई है और ईरान तथा इज़राइल के बीच सैन्य टकराव बढ़ गया है. इसे देखते हुए ईरान में भारतीय दूतावास ने एक एडवाइज़री जारी की है, जिसमें भारतीय नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने का आग्रह किया गया है। सोमवार को भारत ने अपने नागरिकों से साफ तौर पर कहा है कि वे फिलहाल ईरान की यात्रा करने से पूरी तरह बचें. सिर्फ इतना ही नहीं, सरकार ने ईरान में पहले से मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द, जो भी साधन मिले, उससे देश छोड़ने की सलाह दी है. तेहरान (ईरान) में मौजूद भारतीय दूतावास ने यह चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के मौजूदा हालातों को देखते हुए अपनी पुरानी एडवाइज़री को ही और कड़े शब्दों में दोहरा रहे हैं।

## महातूफान : केनिबल सोलर फ्लेयर से खतरा, भारत समेत पूरी दुनिया में मचेगी आकाशीय हलचल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** अंतरिक्ष में हुई एक बड़ी हलचल के कारण सूर्य का एक शक्तिशाली महातूफान तेजी से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे इस साल का अब तक का सबसे भीषण सौर विस्फोट करार दिया है। सूर्य के 'एक्टिव रीजन 4461' से उत्पन्न यह तूफान 1,400 किलोमीटर प्रति सेकंड की तूफानी रफ्तार से हमारे ग्रह की ओर अग्रसर है, जिसने नासा सहित वैश्विक अंतरिक्ष एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है।

**क्या है 'कैनिबल' तूफान का खतरा ?:** इस तूफान को 'कैनिबल सीएमई' का नाम दिया गया है, क्योंकि यह अपने रास्ते में आने वाली पुरानी सौर लहरों को अपने भीतर समाहित कर अपनी शक्ति को कई गुना बढ़ा चुका है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह 'G4' श्रेणी के गंभीर भू-चुंबकीय तूफान में बदल सकता है। इसके पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर से टकराने की प्रबल संभावना है, जिससे संचार प्रणालियों और उपग्रहों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

**अरोरा का अद्भुत आकाशीय नजारा:** इस सौर तूफान का एक दुर्लभ और सुंदर पहलू आसमान में 'अरोरा' का दिखना है। यदि यह तूफान पृथ्वी की चुंबकीय ढाल को भेदता है, तो उत्तरी भारत के पहाड़ी क्षेत्रों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के आसमान में हरे, बैंगनी और लाल रंगों की अद्भुत आकाशीय रोशनी देखने को मिल सकती है। वैज्ञानिक इस घटनाक्रम पर लगातार पैनी नजर रखे हुए हैं।

## एक सीट पर बिना लड़े ही एनडीए ने हार मानी, 12 बजे तक 10वीं सीट के लिए एनआर नहीं कटाया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना ।** नाजिर रसीद कटने से पता चलता है कि कौन-कौन चुनाव लड़ना चाह रहा है। बिहार विधान परिषद् की नौ सीटों पर चुनाव और एक सीट पर उप चुनाव होना है। कुल 10 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन, सोमवार को 12 बजे तक कुल 10 एनआर ही कटाए गए हैं। यानी, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इस बार स्वीकार किया है कि वह एक सीट पर चुनाव नहीं जीत सकता। इसी तरह महागठबंधन ने भी अब तक दूसरा एनआर नहीं कटवा कर यह पक्का मान लिया है कि उसे एक ही सुनिश्चित वाली सीट के लिए नामांकन करना है। एनआर के बाद अब नामांकन की प्रक्रिया होगी।



**आसानी से निर्वाचित हो जाएंगे सुनील सिंह:** विधान मंडल सूत्रों के अनुसार, अब तक 10 सीटों पर एनआर कटवाया गया है। इसमें से नौ पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार और एक पर राजद उम्मीदवार का नाम है। यानी एनडीए ने 10वें उम्मीदवार का नाम का एनआर नहीं कटवाया। ऐसा माना जा रहा था कि 10वां उम्मीदवार दीपक प्रकाश को बनाया जा सकता है लेकिन यह नहीं हुआ। एनडीए ने 10वीं सीट पर अपना उम्मीदवार ही नहीं उतारा। अगर उतारती तो चुनाव की स्थिति बनती है। अब तेजस्वी यादव की पार्टी के खाते में आसानी से यह सीट चली जाएगी। बिहार विधान परिषद् की जब से प्रक्रिया शुरू हुई थी तब से ऐसा माना जा रहा था कि एनडीए राज्यसभा चुनाव के तरह ही महागठबंधन को कांटें की टक्कर देगी। ऐसा लग रहा था कि जिस तरह एनडीए ने उपेंद्र कुशवाहा को पांचवां उम्मीदवार नहीं बनाकर शिवेश राम को राजद प्रत्याशी अमरेंद्र धारी सिंह के आगे कर दिया था।

## भारत ने परमाणु हथियारों की दौड़ में पाकिस्तान को पीछे छोड़ा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) द्वारा जारी की गई नई रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। SIPRI की 2026 ईयरबुक के अनुसार, भारत ने परमाणु हथियारों के निर्माण में पाकिस्तान को काफी पीछे छोड़ दिया है और अब उसकी गति चीन के समान हो गई है।

**परमाणु हथियारों की संख्या:** रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका और रूस के पास अभी भी सबसे अधिक परमाणु हथियार हैं, लेकिन इन दोनों देशों के भंडार में थोड़ी कमी आई है। इसके विपरीत, चीन और भारत ने अपने हथियारों की संख्या में वृद्धि की है।



**भारत के पास 190 परमाणु हथियार:** SIPRI के अनुसार, जनवरी 2025 में भारत के पास 180 परमाणु हथियार थे। एक वर्ष में 10 नए हथियार जोड़कर, जनवरी 2026 तक यह संख्या 190 हो गई है। वहीं, पाकिस्तान के पास पिछले वर्ष भी 170 हथियार थे और इस वर्ष भी यही संख्या बनी हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान के भंडार में कोई वृद्धि नहीं हुई है। रूस के पास 2026 में 5420 हथियार हैं, जो 2025 के 5459 से थोड़े कम हैं। अमेरिका के पास 5042 हथियार हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 5177 थी। चीन ने अपने भंडार में 20 नए हथियार जोड़कर इसे 620 कर लिया है। ब्रिटेन के पास 225 हथियार हैं, जो पिछले वर्ष के समान हैं।

**चीन की तेजी से बढ़ती क्षमता:** रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीन अपने परमाणु हथियारों को तेजी से आधुनिक बना रहा है। जनवरी 2026 तक, चीन ने 20 नए वॉरहेड जोड़े हैं और ऑपरेशनल फोर्स के साथ तैनात हथियारों की संख्या 24 से बढ़ाकर 34 कर दी है।

चीन के पास जमीन से लॉन्च होने वाली मिसाइलों के लिए 775 साइलो हैं। SIPRI का अनुमान है कि इस दशक के अंत तक चीन के ICBM का भंडार रूस और अमेरिका के बराबर हो सकता है। हालांकि, 2030 तक चीन के पास 1000 से अधिक हथियार होने के बावजूद, यह रूस या अमेरिका के मौजूदा भंडार का केवल एक चौथाई होगा।।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नरहट : चांदनी चौक के पास जर्जर सड़क के कारण गड्ढे में पलटी ई रिक्शा



**नरहट।** नरहट चांदनी चौक के समीप सड़क निर्माण में लगी कंपनी द्वारा लंबे समय से सड़क खोदकर छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधूरी सड़क और जगह–जगह बने गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है तथा आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य काफी समय से अधूरा पड़ा है। बारिश होने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण वाहन चालकों तथा पैदल यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सोमवार को भी खराब सड़क के कारण एक ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस घटना में हल्की चोट आई है कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित बच गए। लेकिन लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो बरसात के मौसम में परेशानी और बढ़ जाएगी। स्थानीय दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### वारिसलीगंज : नप के अधिकारी सुन नहीं रहे, मोहल्लेवासी ने खुद भर लिया सड़क के गड्ढे



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :–** वारिसलीगंज नगर परिषद के विस्तारीकरण में मकनपुर ग्राम पंचायत से कटकर 50 घरो का मोहल्ला गोपालपुर नप के वार्ड 07 में जुड़ गया। चूंकि मोहल्ले में नए घर बनने के बाद करीब डेढ़ सौ मीटर का मुख्य गड्ढा हो गया। फलस्वरूप गांव की नालियों एवं बरसात का पानी सड़क पर जमा होकर किचड्यूक्त होने लगा। इस संबंध की कई खबरे हिन्दी दैनिक लोकतंत्र की आवाज ने प्रकाशित किया था। परंतु नप के अधिकारियों की निद्रा भंग नहीं हुई। फलत: मोहल्लेवासियों ने अपना हाथ जगरनाथ वाली लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए खुद के पैसे से भट्ठा का छाई मंगवाकर जलजमाव वाले स्थान को ऊंचा किया है। सोमवार को मोहल्ला निवासी समाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार ने बताया कि तीन बर्ष पहले गोपालपुर नप में जुड़ा था। परंतु अब तक मोहल्ले के अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। गांव में नाली गली की हालत बदतर है। जबकि मुख्य सड़क बजरंगवली से लेकर शंकर सिंह के घर तक कि सड़क को भराई करवाकर उच्चा किया है। ग्रामीण आपस मे चंदा जमाकर खुद सड़क भरवाया है। मोहल्लेवासियों के इस प्रकार के सामाजिक सहयोगपूर्ण कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। नप के गोपालपुर मोहल्ले को हाल ही में नप में जोड़ा गया है। होने वाली बैठक में गोपालपुर के सर्वांगीण विकास का सूची बनाकर चकाचक बनाया जाएगा।–अरुण कुमार,कनीय अभियंता, नप कार्यालय (नवादा)।

### वर्षा से हुआ पानी ,धान की नर्सरी डालने में जुटा किसान, नहरों में पानी नहीं

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :–** वारिसलीगंज प्रखण्ड के ठेरा गांव के किसानों ने शनिवार की शाम हुई वर्षा के बाद खेतों में धान की नर्सरी डालना शुरू कर दिया है ।क्षेत्र के अन्य गांवों के किसान अगले सप्ताह से धान की नर्सरी डालेंगे ।इस संबंध में ठेरा ग्रामीण सह प्रखण्ड सरपंच संघ के अध्यक्ष सुबोध सिंह ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को ग्रामीण किसान लाल सिंह ने सबसे पहले अपने खेत में लेट वैरायटी की मंसूरी धान की नर्सरी डाली है। शनिवार की शाम हुई तेज वर्षा के बाद ठेरा के अन्य किसानों ने भी अपने खेतों में नर्सरी डालने की तैयारी शुरू कर कर दी है ।बता दें कि प्रखण्ड के कुछ पंचायतों में आषाढ़ माह में ही धान की रोपनी शुरू होती है ।आषाढ़ माह में रोपनी करने वाले किसान रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा खेत में डाल देते हैं ।सावन माह में रोपनी करने वाले किसान अभी अपने खेतों में में नर्सरी डालने की तैयारी में जुटे हैं ।आषाढ़ माह में प्रखण्ड के ठेरा,मंजौर,अपसढ़,दोसुत,वरनावां, शाहपुर समेत अन्य पंचायतों के कुछ–कुछ गांवों में धान की रोपनी शुरू की जाती है। हालांकि मानसून की वर्षा अभी प्रारंभ नहीं हुई है। वातावरण में भीषण गर्मी है। किसान कहते हैं कि ज्यादा गर्मी में बिचड़ा डालने पर धान का अंकुरण प्रभावित होता है ।बता दें कि प्रखण्ड क्षेत्र में आषाढ़ माह के अंतिम सप्ताह से धान रोपनी शुरू हो जाती है। प्रखण्ड के कुछ गांवों में नाग पंचमी संपन्न होने के बाद धान रोपनी शुरू होती है ।खासकर मकनपुर पंचायत के अगल–बगल के गांवों में धान रोपनी नाग पंचमी के अगले दिन शुरू होती है। नाग पंचमी के बाद धान रोपनी करने वाले किसान मृगशिरा में धान का बिचड़ा खेतों में डालते हैं।

# जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने बोध गया दुमुहान बरिस्ता कौफी का पहला कैफ़े का उद्घाटन किया

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** गया जी मे भारत के प्रमुख घरेलू कॉफी ब्रांडों में से एक बरिस्ता कौफी ने बोधगया में अपने पहले कैफ़े के उद्घाटन की घोषणा की है। यह ब्रांड के भारत में लगातार विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मारुति शोरूम के समीप, दोमुहान, बोध गया में स्थित यह नया कैफ़े स्थानीय निवासियों, पर्यटकों, विद्यार्थियों एवं तीर्थयात्रियों के लिए एक आकर्षक और स्वागतपूर्ण वातावरण प्रदान करेगा, जहाँ लोग बेहतरीन कॉफी, स्वादिष्ट व्यंजनों और सार्थक संवादों का आनंद ले सकेंगे।
यह उद्घाटन देश के उभरते एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों तक प्रीमियम कैफ़े अनुभव पहुँचाने की बरिस्ता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों में से एक बोध गया में स्थापित यह कैफ़े बरिस्ता की उत्कृष्ट कॉफी विशेषज्ञता और आधुनिक एवं सुकूनदायक माहौल का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर फ्रेंचाइज़ी पार्टनर अतुल कुशवाहा ने कहा, ''हमें पहली बार बोध गया में बरिस्ता लाने की अत्यंत खुशी है। दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों का स्वागत करने वाले इस शहर को एक ऐसे कैफ़े अनुभव की आवश्यकता थी, जो गुणवत्ता, आराम और सामुदायिक जुड़ाव का बेहतरीन मिश्रण हो। हम स्थानीय निवासियों और यात्रियों दोनों की सेवा करने तथा बातचीत, बैठकों और यादगार कॉफी पलों के लिए पसंदीदा स्थान बनने की आशा रखते हैं।'' इस कैफ़े में ग्राहकों के लिए हस्तनिर्मित कॉफी, सिग्नेचर बेवरेज, रिफ्रेशिंग फ्रैपे, स्वादिष्ट डेज़र्ट, बेकरी उत्पाद एवं अन्य लोकप्रिय कैफ़े व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें एक संपूर्ण कॉफीहाउस अनुभव प्राप्त होगा। भारत, श्रीलंका एवं मालदीव के 175 से अधिक शहरों में 525 से अधिक कैफ़े के साथ बरिस्ता अपनी मजबूत उपस्थिति को और विस्तार दे रहा है तथा ऐसे स्थान विकसित कर रहा है जो लोगों के बीच संवाद, संबंध और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर जदयू महानगर अध्यक्ष नेता राजू बर्नवाल, अवध बिहारी पटेल, कुंडल वर्मा, धनंजय शर्मा, बबन चंद्रवंशी, शंकर चौधरी, अरुण राव, पूनम कुशवाहा , जितेंद्र दास, उमेश गुप्ता,राकेश पांडे, प्रभात राउत सहित कई नेता उपस्थित थे।

## धार्मिक वर्जनों के बावजूद अरथी को कंधा दे शमशान घाट तक पहुंची महिलाएं



लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा।** जिला मुख्यालय के लाइन पर मिर्जापुर निवासी सह मानववादी संगठन अर्जक़ संघ आर्थिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी 70 वर्षीया सुधारानी का निधन उपरांत सोमवार को महिलाओं ने अरथी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंची। ऐसे धार्मिक व रूठीवादी मान्यताओं के अनुसार महिलाओं के द्वारा अरथी कंधा देना व शमशान घाट तक पहुंचाना वर्जित है। ऐसे में मानववादी संगठन अध्यक्ष संघ के पहल पर महिलाओं ने न सिर्फ अरथी को कंधा दी, बल्कि शमशान घाट तक भी पहुंचाई और चिता को अग्नि भी दिया। जिसके कारण यह बात इलाके में चर्चा की विषय बनी हुई है। अरथी को कंधा देने वालों में मृतका की पुत्री इंजीनियर विदुषी भारती, पतोहू मधुवाला कुमारी व नेहा कुमारी, पोती टिमतिम, टूटू व टिया के अलावा बड़ी संख्या में अर्जक़ संघ से प्रभावित महिलाओं सुरभि कुमारी, रंजू कुमारी आदि ने अरथी को कंधा दी। शव यात्रा के दौरान राम नाम सत्य है की जगह जीवन मरण सत्य है, सुधा रानी अमर रहे, सुधारानी जिंदाबाद, मानववाद जिंदाबाद, अर्जक़ संघ जिंदाबाद के जयकारे लगाए जा रहे थे। शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे अर्जक़ संघ सांस्कृतिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पथिक ने बताया कि स्त्री पुरुष की समानता को स्थापित करने के लिए यह पहल की जा रही है। साथ ही अवैज्ञानिक व रूढ़िवादी व्यवस्थाओं को नकार कर मानववादी व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह कदम द्वारा उठाया गया। इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद मूल रूप से रोह प्रखंड के मनियोचक गांव के निवासी हैं। इस मौके पर मृतिका के पुत्र ई मनीष कुमार, ई नीतीश कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद अविनाश निराला, रामसहाय महतो, सुमन सौरभ, सुरेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद केशरी, परमेश्वर मंडल, भुवनेश्वर प्रसाद, राम सहाय प्रसाद,बैजनाथ प्रसाद, सुनील कुमर, नरेंद्र कुमार, गोरेलाल कुमार, सुशील कुमार सिंह, गोपाल भगत, किशोरी शरण वर्मा आदि दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार और बढ़ती महंगाई के खिलाफ रजौली प्रखंड परिसर में आज गरजेगा राष्ट्रीय जनता दल, सुरक्षा व्यवस्था के लिए बीडीओ को सौंपा पत्र

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** राष्ट्रीय जनता दल के पटना प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार रजौली प्रखंड में सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार और बढ़ते अपराध के ग्राफ के खिलाफ 9 जून को एकदिवसीय शांतिपूर्ण विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर राजद के रजौली प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष अनुप कुमार ने सोमवार को बीडीओ को एक आधिकारिक आवेदन पत्र सौंपकर प्रदर्शन के दौरान पुख्ता प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रखंड परिसर स्थित सभा स्थल पर आयोजित होने वाला यह लोक-प्रदर्शन सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष अनुप कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता के जुटने की संभावना है। राजद नेतृत्व का साफ कहना है कि राज्य में प्रशासनिक शिथिलता के कारण आम जनजीवन बेहाल हो चुका है और इस शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन के जरिए जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से बुलंद किया जाएगा, जिसके शांतिपूर्ण संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन से समय रहते मुस्तैद सुरक्षा घेरा तैयार करने का लिखित आग्रह किया गया है।

## बीएसटीए गोप गुट की जिला कार्यकारिणी बैठक रजौली में संपन्न

लोकतंत्र की आवाज




राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोप गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक रजौली प्रखंड इकाई की मेजबानी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने की, जबकि मंच संचालन रंजन कुमार ने किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि जिले में कई नवनियुक्त प्रधान शिक्षकों को लगभग ग्यारह माह बीतने के बाद भी प्रभार नहीं मिल सका है। साथ ही प्रधान शिक्षकों के विशिष्ट शिक्षक के रूप में किए गए कार्य का एरियर भुगतान भी अब तक लंबित है। संगठन के पुनर्गठन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जब भी कोई शिक्षक प्रखंड या जिला कार्यालय किसी कार्य से जाता है तो उसे उचित सम्मान नहीं दिया जाता। सम्मान की बात केवल पत्रों तक ही सिमट कर रह गई है।
बैठक में सर्वसम्मति से सभी बकाया एरियर और प्रधान शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर प्रभार देने की मांग पदाधिकारियों से की गई। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर संगठन अपनी चट्टानी एकता दिखाते हुए आंदोलन को विवश होगा। जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने संगठन का चुनाव हुए तीन वर्ष से अधिक होने पर मौजूदा कमिटी को भंग करते हुए राज्य कमिटी से अविलंब चुनाव कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने बैठक की बेहतर मेजबानी और प्रबंधन के लिए रजौली प्रखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, गौतम कुमार, सुबोध कुमार, भोला दास, राजेंद्र कुमार समेत सभी सक्रिय सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया। बैठक को जिला महासचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष लल्लू कुमार, वरीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष बारीक खान तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिवों ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अंत में रजौली के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने सभी का धन्यवाद कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

# रजौली में टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक, डिजिटल माइक्रो प्लान अपडेट करने के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के डिजिटल माइक्रो प्लान को अद्यतन करने तथा समीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, डिजिटल माइक्रो प्लान के अद्यतनकरण, सत्र स्थलों की समीक्षा, छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान एवं उन्हें टीकाकरण सेवाओं से जोड़ने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे माइक्रो प्लान को नियमित अपडेट करें तथा टीकाकरण गतिविधियों की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार, बीएचएम रविचंद्र प्रसाद, पीसीआई जिला समन्वयक कुमार अभिषेक, पीसीआई प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार, डब्ल्यूएचओ एफएम अनिल कुमार तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चे तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में प्रखंड में कार्यरत सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## बोधगया में बरिस्ता कॉफी आउटलेट का हुआ शुभारंभ, सकारात्मक प्रयास रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं: राजू बरनवाल

लोकतंत्र की आवाज




**बोधगया।** बोधगया के दोमुहान स्थित नए बरिस्ता कॉफी आउटलेट का सोमवार को शुभारंभ किया गया
यह प्रतिष्ठान युवा उद्यमी अतुल कुशवाहा द्वारा स्थापित किया गया है। उद्घाटन के अवसर पर राजू बरनवाल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आधुनिक एवं सकारात्मक प्रयास क्षेत्र में व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आउटलेट गया और बोधगया के लोगों को बेहतरीन स्वाद के साथ उत्कृष्ट माहौल उपलब्ध कराएगा। बरनवाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उद्यमिता आधारित विकास सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यवसाय केवल आय का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, समर्पण और बेहतर प्रबंधन के बल पर व्यवसाय सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने अतुल कुशवाहा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रतिष्ठान स्थानीय विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा। समारोह में रोशन कुशवाहा, पूनम कुशवाहा, दुलारचंद भारती, कुंडल वर्मा, उमेश गुप्ता, अरुण राव, प्रभात राउत, बबन चंद्रवंशी, अमर चंद्रवंशी, नरेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर निगम में बोर्ड की बैठक सम्पन्न, 27 करोड़ से बनेंगी सभी वार्डों में 267 सड़क-नाली योजनाएं, नाला सफाई में देरी पर भड़के जनप्रतिनिधि

लोकतंत्र की आवाज



**गयाजी।** नगर निगम सभागार में सोमवार को मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।इस बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है। इस बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सदस्यों ने सर्वसम्मति से विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दी है।
सदन में मेयर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शहर के सभी वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से 267 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से लंबे समय से लंबित सड़क और जलनिकासी की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिससे लोगों को आवागमन और जलजमाव जैसी परेशानियों से राहत मिल सके।

**नाला सफाई में देरी पर जताई चिंता:** इस बैठक में मानसून पूर्व नाला और नालियों की सफाई का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। मेयर ने कहा कि सफाई एजेंसियों और सफाईकर्मियों के बीच समन्वय की कमी के कारण कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। मानसून आने में महज कुछ दिन शेष हैं, जबकि अब तक केवल लगभग 50 प्रतिशत सफाई कार्य ही पूरा हो सका है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर सफाई नहीं होने पर हल्की बारिश में भी शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**नाले की सफाई पर पार्षदों ने उठाए सवाल:** इस बैठक के दौरान कई पार्षदों ने नाला सफाई कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया है। पार्षद नैयर अहमद ने कहा कि वाटन नाले की सफाई संतोषजनक नहीं है और केवल खानापूर्ति की जा रही है। वहीं पार्षद अशोक कुमार ने कुजापी नाले की सफाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि बरसात में वार्ड संख्या 18 के कई इलाकों में जलजमाव की आशंका बनी हुई है। इस पर नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने सदन को आश्वस्त किया कि 30 जून तक शहर के सभी प्रमुख नालों और नालियों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**प्रत्येक वार्ड को मिले 10-10 लाख रुपये:** नगर निगम ने नालियों के ढक्कन और मेनहोल की मरम्मत के लिए प्रत्येक वार्ड को 10-10 लाख रुपये उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस राशि से वार्ड स्तर पर एक वर्ष तक मरम्मत और रखरखाव का कार्य कराया जाएगा। इससे खुले मेनहोल और क्षतिग्रस्त ढक्कनों की समस्या के समाधान में तेजी आएगी।
सात सरोवरों का होगा सौंदर्यीकरण में शहर के सात प्रमुख स्थान पर वही सरोवरों के सौंदर्यीकरण की योजना को भी मंजूरी दी गई हू। इसके तहत सरोवरों के आसपास सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

## एशिया पैसिफिक सम्मेलन में वारिसलीगंज के राजनीतिक विश्लेषक रवि पंडित का चयन, खुशी

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** आस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित एशिया पैसिफिक सम्मेलन में शामिल होंगे वारिसलीगंज के रवि पंडित। इस संबंध की जानकारी देते हुए नप के मुड़लाचक निवासी प्रसिद्ध मूर्तिकार राजेन्द्र पंडित ने बताया कि मेरा पुत्र युवा राजनीतिक विश्लेषक एवं सामाजिक शोधकर्ता रवि पंडित का चयन आस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित संस्था आस्ट्रेलियन नेशनल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एशिया पैसिफिक सप्ताह 2026 सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया है। सम्मेलन 22 से 25 जून 2026 तक आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आयोजित होगा। बता दें कि रवि पंडित की प्रारंभिक शिक्षा वारिसलीगंज स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया। तथा बाद में जेएनयू से राजनीति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त किया। वर्तमान में रवि पंडित राजनीतिक परामर्श, लोकतांत्रिक सहभागिता, युवाओं की राजनीति में भागीदारी, सामाजिक न्याय तथा वंचित समुदायों की राजनीतिक आवाज को मजबूत करने के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न राज्यों में चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियानों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने से जुड़े अनेक परियोजनाओं में योगदान दिया है। रवि के चयन से वारिसलीगंज समेत नवादा जिले के शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश, तीन शातिर बदमाश अरेस्ट, 25 वाहन बरामद



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। कासिमपुर थाना पुलिस ने अंतरजनपदीय ऑटो लिफ्टर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 25 चोरी के दोपहिया वाहन, एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा वाहनों की मास्टर चाबी बरामद की है।पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर से सूचना मिली थी कि बनियाखेड़ा गांव के निकट नहर की कच्ची पटरी के पास बबूल के जंगल में कुछ लोग बड़ी संख्या में चोरी के वाहन छिपाकर रखे हुए हैं।सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापा मारकर शकील, वीरू और अरबी हसन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 22 मोटरसाइकिलें, तीन स्कूटी, एक 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। प्रारंभिक जांच में अधिकांश वाहन लखनऊ से चोरी किए गए पाए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लखनऊ, उन्नाव और हरदोई समेत विभिन्न जनपदों में किराये पर कमरा लेकर पहले रेकी करते थे और अवसर मिलने पर दोपहिया वाहन चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहनों की पहचान छिपाने के लिए उनकी नंबर प्लेट बदल दी जाती थी अथवा फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनका उपयोग किया जाता था। बाद में इन वाहनों को कम कीमत पर बेच दिया जाता था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और उनके विरुद्ध हरदोई, लखनऊ तथा उन्नाव के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों तथा चोरी के वाहनों की खरीद–फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की भी जांच कर रही है। वाहन चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक ने कासिमपुर थाना पुलिस टीम को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है।

### अपराधियों के हाथ में है बुलडोजर की चाभी, यूपी में भ्रष्टाचार चरम पर'; अखिलेश यादव का पर हमला



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज में जातिवाद और भ्रष्टाचार चरम पर है। थाना–तहसील से लेकर कलक्ट्रेट तक कहीं किसी की सुनवाई नहीं। मुख्यमंत्री बयानवीर बन गए हैं। एक तरह से अपराधियों के हाथ में ही मुख्यमंत्री के बुलडोजर की चाभी पहुंच गई है। प्रतापगढ़ में पुलिस चौकी के बगल में ही दबंगों द्वारा बुलडोजर चलाकर मकान–दुकान गिराना बेहद शर्मनाक है। शुक्रवार को पार्टी की ओर से जारी बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान की आय दोगुणा हुई नहीं, उसके आश्वासन झूठे ही साबित हुए। किसान खाद और बीज के लिए दर–दर भटक रहा है। डीएपी, एनपीके आदि उर्वरक कालाबाजारी में ही मिलते है।

### यूपी के सभी जिलों में लगेगा 'कृषि एवं आरोग्य मेला', किसान सीखेंगे प्राकृतिक खेती की तकनीक

लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। किसानों को रसायन मुक्त खेती के प्रति जागरूक करने के लिए सभी जिलों में ' कृषि एवं आरोग्य मेला ' का आयोजन किया जाएगा। 14 से 16 जून के बीच होने वाले इन आयोजनों में रसायनों के प्रयोगों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी।उर्वरकों के संतुलित उपयोग और उत्पादन बढ़ाने के तरीके भी बताए जाएंगे। 17 और 18 जून को हर जिले में प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी और 21 जून को सभी कृषि फार्म पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा खेत बचाओ अभियान' से किसानों को जोड़ा जाएगा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में इन आयोजनों की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय कृषि फार्मों पर 30 जून तक चलने वाले ' खेत बचाओ अभियान ' से किसानों को जोड़ा जाए।

### बिजनौर दिन-ब-दिन बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा घरेलू बजट

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
किरतपुर। देश में लगातार बढ़ रही महंगाई आम आदमी की परेशानी का कारण बनती जा रही है। रसोई से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक लगभग हर वस्तु के दाम बढ़ने से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों का बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि आय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो रही, जबकि खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है।बाजार में खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दालों, दूध, खाद्य तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार उतार–चढ़ाव बना हुआ है। इसके अलावा बिजली, गैस, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता खर्च भी आम नागरिकों की चिंताओं को बढ़ा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि सीमित आय में परिवार का खर्च चलाना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है। व्यापारियों का मानना है कि परिवहन लागत, उत्पादन खर्च और बाजार की परिस्थितियों का असर वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

### बिजनौर दिल्ली से बरामद किशोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट पायल कुमारी
नजीबाबाद। किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में थाना मंडावली पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कुछ दिन पहले ही किशोरी को दिल्ली से सकुशल बरामद कर चुकी थी, जबकि आरोपी युवक मौके से फरार हो गया था। मंडावली पुलिस के अनुसार छह मई 2026 को एक व्यक्ति ने थाना मंडावली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव जटपुरा बौण्डा निवासी अल्फाज पुत्र अतीक बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि इस दौरान फैजान पुत्र अतीक और सुफियान पुत्र इरशाद ने भी उसका सहयोग किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने तलाश के दौरान किशोरी को दिल्ली से बरामद कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी अल्फाज फरार चल रहा था। रविवार को थाना मंडावली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अल्फाज पुत्र अतीक निवासी ग्राम जटपुरा बौण्डा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज है मुकदमा पुलिस कर रही अग्रिम कार्रवाई आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सोनू कुमार, कांस्टेबल इमरान, कांस्टेबल राहुल तथा रिक्रूट कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

# शंकराचार्य जी ने कहा गाय बचाकर पापमुक्त होने का सनातनियों के पास अंतिम अवसर

लोक तंत्र की आवाज



आगरा। परमधर्माधिश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज ने कहा कि आज़ादी के समय 90 करोड़ गायें थीं, आज शुद्ध नस्ल की 2 करोड़ बची हैं, जिसमें से भी 80,000 रोज़ काटी जाती है।शंकराचार्य जी ने आगरा एवं फ़िरोज़ाबाद जिले में कई जनसभाओं को संबोधित किया। प्रत्येक स्थान पर मौजूद लोगों ने गौ रक्षा का संकल्प लिया। सिकन्दरा आगरा की बजरंग कॉलोनी में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री पं सचिन चतुर्वेदी के घर पर शंकराचार्य जी के चरण पादुका का सविधि पूजन हुआ,जिसके अनंतर पत्रकार वार्ता एवं गौसभा हुई जिसमें हजारों के संख्या में गौभक्त उपस्थित थे।उपस्थित गौभक्तों को शंकराचार्य जी महाराज ने गौरक्षा हेतु श्रेष्ठ योगदान प्रदान करने का संकल्प कराया इस दौरान शंकराचार्य जी महाराज ने पं सचिन चतुर्वेदी को आगरा परिक्षेत्र का अपना प्रतिनिधि घोषित किया।

**'गाय हर हिन्दू पूजा की नींव है, उसके बिना कोई पूजा पूर्ण नहीं':** महाराजश्री ने कहा दीया जलाने के लिए घी चाहिए। मूर्ति का अभिषेक पंचामृत से होता है। पूजा स्थान गोबर से शुद्ध होता है। आरती के लिए दूध चाहिए। बड़े यज्ञ-याग घी और दूध के बिना असंभव हैं।सृष्टि के प्रारम्भ में ब्रह्मा जी ने दो चीजें दीं: गाय और ब्राह्मण। गाय दूध देगी, ब्राह्मण मंत्र बोलेगा, यज्ञ होगा और उसी से सृष्टि का संवर्धन होगा।

**'मुगलों ने चिढ़ाने के लिये गाय को मारा, अंग्रेज़ों ने खाने के लिए:** महाराजश्री ने कहा कि मुग़ल आक्रमणकारियों ने कभी- कभी गाय मारी, लेकिन खाने के लिए नहीं, हिन्दुओं का मनोबल तोड़ने के लिए। कई मुग़ल बादशाहों ने तो अपने शासन में गौ वध को कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया था। भारत में पहली बार खाने के लिए गाय अंग्रेज़ों ने काटी। जैसे ही हिन्दुओं को पता चला, आक्रोश उठा और वही आक्रोश स्वतंत्रता संग्राम की नींव बना। मंगल पांडेय 9 साल से अंग्रेज़ों की सेना में था, लेकिन जब पता चला कि जिस कारतूस को दाँत से खोलता है उसमें गाय की चर्बी है, उसने बगावत कर दी और प्राण दे दिए। यह स्वतंत्रता संग्राम गौ रक्षा के कारण शुरू हुआ।'

**'हर नेता ने कहा था: आज़ादी की पहली सुबह गौ हत्या बंद, लेकिन अब ज्यादा:** महाराजश्री ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी नेताओं ने आज़ादी की पूर्व संध्या पर वचन दिया था कि आज़ादी की पहली सुबह से ही गौ हत्या बंदी का कानून जारी होगा। ये बयान भी कई किताबों में दर्ज हैं। 70 साल बाद भी गौ हत्या बंद नहीं हुई, बल्कि बढ़ गई। आज विश्वगुरु का देश, विश्व का सबसे बड़ा बीफ़ निर्यातक है।'

**आज 2 करोड़ शुद्ध नस्ल — 80,000 रोज़ कटती हैं, यह अंतिम अवसर':** महाराजश्री ने बताया आज़ादी के समय 80- 90 करोड़ गायें थीं। इंसान 30 करोड़ से 150 करोड़ हो गये, यानी आबादी पांच गुना बढ़ गई। गायों की संख्या मात्र 17-18 करोड़ रह गई। इनमें से भी 4-5 करोड़ विदेशी नस्ल, 8-9 करोड़ संकरित, शुद्ध देसी गाय, जिसका गोमूत्र और गोबर वेदों में पवित्र माना गया है केवल 1-2 करोड़ बची है। भारत में 10,000 से अधिक गायों की नस्लें थीं, सरकार आज 53 बताती है। वैज्ञानिकों ने कहा कि केवल 30-35 नस्लें ही बचीं हैं, बाकी सिर्फ कागजों में ही है और 80,000 रोज़ कट रही हैं। यही अंतिम अवसर है। अभी खड़े हो गए तो गाय बच सकती है। नहीं खड़े तो जुरासिक पार्क फिल्म में डायनासौर जैसे केवल दिखाई देगी।'

**'बूचड़खाने को मुफ़्त बिजली — मंदिर के एक बल्ब का बिल':** महाराजश्री ने कहा कि बूचड़खानों को मुफ़्त बिजली दी जा रही है ताकि हर वर्ष करोड़ों पशुओं को सस्ते में काटा जा सके। सब्सिडी, आसान लाइसेंस, आधुनिक उपकरण सब सरकारी खर्चे पर और अगर आपके शिव मंदिर में एक बल्ब है तो उसका भी बिजली का बिल आएगा। महाराजश्री ने प्रश्न उठाया कि मंदिर के एक बल्ब का बिल और दूसरी तरफ बूचड़खाना मुफ़्त। यह उस सरकार की नीति है जिसे आपने चुना, क्या इसके लिए चुना था ?'

**आप ही असली सरकार हैं, वोट का दुरुपयोग करने वालों को ब्लैकलिस्ट करो:** महाराजश्री ने राजनीतिक जवाबदेही का प्रश्न सीधे रखते हुए कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में आप मूल संप्रभु हैं। सरकार आपकी प्रतिनिधि है। आपकी ओर से अधिकार का प्रयोग करने वाली, अपने अधिकार से नहीं, जब कोई अमानत का दुरुपयोग करे तो अमानत वापस लो। उन्होंने लोगों से प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या आपने बूचड़खाने को लाइसेंस देने के लिए वोट दिया था ? क्या गाय को 70 साल और पशु सूची में रखने के लिए वोट दिया था ? गोरक्षवाणी में गुरु गोरखनाथ जी स्वयं कहते हैं, गाय हमारी माता है और जो व्यक्ति गोरखनाथ के शिष्य होने का दावा करता है। वह वही वचन नहीं बोल सकता। यही असली और नकली का अंतर है। आप यह अंतर पहचानिए और उसे ब्लैकलिस्ट कीजिए जो आपके वोट का दुरुपयोग करता है।' उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

## डेढ़ साल के मासूम के रोने से खुला मौत का राज, बंद कमरे में फंदे से लटकी मिली विवाहिता



लोकतंत्र की आवाज



ललित गुप्ता संवाददाता
हरदोई। शहर के ऊंचा थोक मोहल्ले में एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब डेढ़ साल के मासूम बेटे के लगातार रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे तक पहुंचे। कमरे का दरवाजा खोलते ही विवाहिता को फंदे पर झूलता देख परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पिहानी थाना क्षेत्र के लीलापुरवा जमुही गांव निवासी विकट बहादुर बैंक कर्मचारी हैं और हरदोई शहर के ऊंचा थोक मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। उनकी पत्नी अंजू घर पर थीं, जबकि सोमवार सुबह विकट बहादुर ड्यूटी पर चले गए थे। घर में अंजू, उनकी ननद शिल्पी और डेढ़ साल का बेटा मौजूद था।बताया जाता है कि कुछ देर बाद बच्चे के लगातार रोने की आवाज सुनकर ननद शिल्पी नीचे पहुंची। वहां का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। अंजू का शव रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को फंदे से नीचे उतारकर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल संजय त्यागी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पति विकट बहादुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## खेलते खेलते शारदा नहर में गिरा तीन वर्ष का मासूम, मौत

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। लोनार कोतवाली क्षेत्र के धिनौली गांव में रविवार शाम शारदा नहर में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।धिनौली निवासी श्याम बहादुर का पुत्र सिद्धार्थ रविवार शाम करीब छह बजे घर के बाहर खेल रहा था। परिजनों के मुताबिक घर के पास से गुजर रही शारदा नहर के किनारे वह खेलते-खेलते पहुंच गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। बच्चे की चीख सुनकर आसपास मौजूद परिजन मौके की ओर दौड़े।उसे बचाने के लिए परिवार के लोगों ने नहर में छलांग लगा दी और तलाश शुरू कर दी। करीब 20 मिनट



तक चले खोज अभियान के बाद बच्चे के चचेरे भाई हर्षित और विजय ने उसे नहर से बाहर निकाला। परिजन तत्काल उसे बाइक से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि बच्चे के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई जिला वृक्षारोपण समिति गंगा समिति, पर्यावरण समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। आज जिला वृक्षोरापण, जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्य समय से पूर्ण करे तथा सभी विभागाध्यक्ष सम्बन्धित विभाग हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुये इसकी सूचना प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को उपलब्ध कराये।



उन्होंने कहा कि स्थल चयन के सम्बन्ध में समय से सूचनाये उपलब्ध करायी जाये तथा आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना भी बनायी जाये। मिशन छाया, वन्दे मातरम वाटिका, महर्षि चरक औषधि वाटिका, समरस वन, समृद्धि वन आदि के सम्बन्ध मे स्थलों का चयन करते हुये समय से पौध रोपण कराया जाये। उन्होंने कहा कि गढ्ढा खुदायी कार्यो की नियमित रूप से मानीटरिंग की जाये, तथा पर्याप्त लम्बाई की पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। मियावाकी वन, नक्षत्र वाटिका, गंगा वन आदि लगाये जाने पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये कि औषधीय एवं फलों के वृक्षों की आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के घरों मे सहजन का पौधा अवश्य लगवाया जाये।

जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नामित सदस्यों का परिचय प्राप्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नदियों की साफ-सफाई एवं उनके पुनरोद्धार हेतु व्यापक स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिला पर्यावरण समिति मे जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय से सूचनायें प्रेषित की जाये। लखनऊ बाईपास पर स्थित नैना झील को पिकनिक स्पाट के रूप संरक्षित एवं विकसित किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दीपाली भार्गव सभी संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम-एसप ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। सोमवार को डीएम अनुनय झा एवं एसपी अशोक कुमार मीणा के साथ संयुक्त निरीक्षण उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 की प्रथम पाली की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरदोई का परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन एवं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क, प्रतीक्षा स्थल तथा सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सजगता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी,तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड से रोजाना सैकड़ों डंपरों की एंट्री, करोड़ों के राजस्व बगैर टी एफ गाड़ी पास करने से नुकसान

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
बिजनौर। जनपद का भागूवाला, कोटद्वार नजीबाबाद तथा कोटद्वार नगीना मार्ग एवं बालावाली और रेहड़ क्षेत्र एक बार फिर अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार उत्तराखंड के हरिद्वार एवं आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में खनन सामग्री रोजाना डंपरों के जरिए बिजनौर पहुंच रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यूपी-उत्तराखंड सीमा पर स्थापित चेकपोस्ट, पुलिस चौकियां, वन विभाग की निगरानी और खनन विभाग को व्यवस्था होने के बावजूद आखिर यह खेल वर्षों से कैसे जारी है।

जानकारों का कहना है कि सरकार ने अवैध खनन रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर माइनिंग चेकगेट और निगरानी तंत्र विकसित किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। भागूवाला बॉर्डर से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि राजस्व विभाग को मिलने वाले राजस्व और वास्तविक परिवहन के आंकड़ों में बड़ा अंतर होने की चचाएँ आम हैं। सवाल उठ रहे हैं कि जब रोजाना बड़ी संख्या में खनन सामग्री से लदे वाहन जिले में प्रवेश कर रहे हैं तो खनन विभाग की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है। भ ाग ू व ाल ा- ब ाल ाव ाल ी- र े ह ड़ नजीबाबाद में धड़ल्ले से गुजर रहा अवैध खनन का साम्राज्य क्षेत्र में चर्चा है कि विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई के अभाव ने खनन कारोबारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।

**बिजनौर एआरटीओ की चुप्पी भी बनी चर्चा का विषय:** खनन सामग्री ढोने वाले अनेक भारी वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। कई वाहनों पर नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं दिखाई देती, कुछ पर मिट्टी और रंग पुता होने के आरोप भी सामने आते रहे हैं। ऐसे में परिवहन विभाग और एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। तो फिर नियमों



का उल्लंघन करने वाले वाहन कार्रवाई से कैसे बच रहे हैं।

**सीमा पर मौजूद कई विभाग, रिश्वतखोरी के चलते फिर भी नहीं रुक रहा खेल:** मंडावली थाना क्षेत्र के भागूवाला सीमा में पुलिस, वन विभाग, राजस्व विभाग तथा अन्य सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी है। इसके बावजूद कथित तौर पर अवैध खनन सामग्री से भरे वाहन लगातार गुजर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सभी विभाग पूरी सक्रियता से कार्य करें तो अवैध परिवहन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि जब भी किसी बड़े अधिकारी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाता है, तो परिवहनकर्ताओं तक इसकी जानकारी पहले ही पहुंच जाती है। लेकिन यह चर्चा प्रशासनिक तंत्र की गोपनीयता पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बिना स्पष्ट नंबर प्लेट और ओवरलोड वाहनों का संचालन केवल राजस्व नुकसान का मामला नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। कानूनी कार्रवाई दोनों को जटिल बना देते हैं।

**करोड़ों के राजस्व पर डाका या निगरानी तंत्र की नाकामी ?:** सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि यदि सीमा पर निगरानी, विभागीय अमला और चेकिंग व्यवस्थाएं मौजूद हैं तो फिर कथित अवैध खनन ओवरलोड सामग्री का इतना बड़ा नेटवर्क कैसे संचालित हो रहा है। क्षेत्र में चर्चा है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि राजस्व को कितना नुकसान हुआ और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। अब निगाहें जिला प्रशासन और शासन पर टिकी हैं कि वह इन सवालों का जवाब देने के लिए क्या कदम उठाता है और क्या भागूवाला बॉर्डर से लेकर पूरे बिजनौर जनपद में अवैध खनन परिवहन के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। एआरटीओ के संरक्षण में जनपद में हजारों ओवरलोड वाहनों का संचालन हो रहा है जिस कारण सड़कों को भारी क्षति पहुंच रही है और सड़क दुर्घटनाओं में भी लगातार लोग अपनी जान गंवा रहे हैं इस मामले में लिखित रूप से मुख्यमंत्री को अवगत कराकर कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा।

**अवैध खननः कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी:** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की मंडावली थाना क्षेत्र सीमा में अवैध खनन, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और बिना नंबर प्लेट के वाहनों के संचालन को लेकर भारतीय किसान यूनियन ( सरपंच ) ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड की ओर से बड़े पैमाने पर बालू, गिट्टी और पत्थर आदि का अवैध खनन किया जा रहा है। खनन सामग्री से लदे वाहन उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। कई वाहनों पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। भाकियू नेताओं का आरोप है कि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के संचालन से सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है तथा सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। संगठन के अनुसार अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के कारण क्षेत्र के किसानों, राहगीरों और आम लोगों में भारी रोष है। उन्होंने प्रशासन से व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर अवैध खनन करने वालों, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ठाकुर अरुण कुमार ने कहा कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भाकियू सरपंच जनहित में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# तहलेडी के पास निहंग सिखों पर जानलेवा हमला: रोष में सिख समाज, टिंकू अरोड़ा ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज़

साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ
सहारनपुर। जिले में तलहेडी के पास एक मामूली मोटरसाइकिल टक्कर के विवाद में 15 से 20 अज्ञात दबंग युवकों द्वारा नकुड़ निवासी निहंग सिख हरकीरत सिंह और उनके भाई प्रभजोत सिंह पर लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से अत्यंत क्रूरतापूर्वक जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस बर्बर हमले में दोनों भाई लहूलुहान हो गए, जिनके सिर, कमर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं तथा हाथ की हड्डी भी टूट गई है; देवबंद थाने में तहरीर और मेडिकल जांच के बाद हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस घटना से सिख समाज



में भारी आक्रोश फैल गया है और निहंग सिखों पर हुए जानलेवा हमले के बाद पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा का गुस्सा फूट पड़ा।

अस्पताल में घायल भाइयों का हालचाल जानने पहुंचे टिंकू अरोड़ा ने इस पूरी घटना को बेहद कायराना और निंदनीय बताते हुए प्रशासन को सीधे तौर पर आड़े हाथों लिया। उन्होंने अपने बयान को और स्पष्ट करते हुए कहा: "निहंग सिख हमारे खालसा पंथ के गौरवशाली योद्धा हैं, जिन्होंने हमेशा देश, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई है। जो समाज हमेशा गरीबों, मजलूमों और बेसहारा लोगों की सेवा में सबसे आगे खड़ा रहता है, आज उसी समाज के लोगों को सरेआम निशाना बनाया जा रहा है। मामूली सी मोटरसाइकिल टक्कर को मुद्दा बनाकर 15-20 गुंडों द्वारा धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करना यह दर्शाता है कि इन बदमाशों में कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। यह हमला सिर्फ हरकीरत सिंह और प्रभजोत सिंह पर नहीं, बल्कि पूरे सिख समाज की आत्मा और उनकी अस्मिता पर हमला है।" टिंकू अरोड़ा ने पुलिसिया कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कल शाम ही देवबंद थाने में तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट सौंपे जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक आरोपियों की धरपकड़ के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कुछ सत्ता संरक्षित रसूखदार लोग परदे के पीछे से इन दबंगों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंह वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार मनजोत सिंह ने कहा सिखों पर लगातार हमले हो रहे हैं जिसकी हम घोर निंदा करते हैं सिख समाज हमेशा सर्वधर्म को साथ लेकर चलने का काम करता है कभी भी किसी को सताने का काम नहीं करता ऐसे में सिख समाज के लोगों पर हमला बरदाश्त होने योग्य नहीं है इस मौके पर सरदार साहब सिंह, सरदार गिन्नी सिंह, सरदार भगत सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह , सरदार गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें।

### उधवा में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का राधानगर थाना प्रभारी ने लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। उधवा राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक उधवा, श्रीधर शाखा तथा बैंक ऑफ इंडिया राधानगर शाखा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधन एवं कर्मियों से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपायों की जांच की। उन्होंने बैंक परिसर में सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि ग्राहकों की सुरक्षा और बैंकिंग व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है तथा समय-समय पर ऐसे निरीक्षण अभियान चलाए जाते रहेंगे।

### भागलपुर में सांसद अजय मंडल के ऑफिस में चोरी कंप्यूटर सहित गोपनीय दस्तावेज ले भागे बदमाश

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। भागलपुर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र में सांसद अजय मंडल के कार्यालय में चोरी हुई है। चोरों ने ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। इस घटना के बाद स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यह घटना रविवार को हुई, जब तिलकामांझी स्थित सांसद कार्यालय बंद था। सोमवार सुबह जब सांसद कार्यालय के सचिव गौरव कुमार कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। अंगरक्षक का सरकारी पिस्टल भी गायब पाया गया।अंदर देखने पर कार्यालय का सामान बिखरा हुआ था और कई वस्तुएं गायब थीं।

### स्टेडियम से डीआईजी चौक तक रोशनी नहीं

लोकतंत्र की आवाज
पूर्णिया। शहर के गिरिजा चौक से इंदिरा गांधी स्टेडियम होते हुए डीआईजी चौक तक जाने वाली सड़क पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के इस हिस्से में स्ट्रीट लाइट नहीं रहने के कारण शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की अधिकांश प्रमुख सड़कों के किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, लेकिन इंदिरा गांधी स्टेडियम के उत्तरी छोर से डीआईजी चौक तक का हिस्सा अब भी अंधेरे में डूबा रहता है। खासकर देर शाम और रात के समय पैदल चलने वालों को काफी कठिनाई होती है। लोगों ने बताया कि अंधेरा रहने के कारण यह इलाका असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है।

### थैलेसीमिया संघ परिवार ने सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज
पूर्णिया। थैलेसीमिया संघ परिवार ने पूर्व राज्यपाल सिक्किम एवं अध्यक्ष दधीचि देहदान समिति गंगा प्रसाद से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से थैलेसीमिया डे केयर सेंटर से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं एवं मांगों को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया। इन अनुरोध में संघ ने ओपीडी में एक हेमाटोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की गई। जिससे थैलेसीमिया मरीजों का बेहतर उपचार हो सके। दधीचि देहदान समिति के कार्यक्रम में थैलेसीमिया संघ परिवार की ओर से संघ के प्रमुख सदस्य ब्रजेश कुमार, पवन झा, सोनू, फिरोज, निरंजन ने पूर्व राज्यपाल सिक्किम गंगा प्रसाद और पद्मश्री विमल जैन सहित सभी 10 अतिथि को मां पुरण देवी की स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# शारदीय (खरीफ) महाअभियान के तहत जिला स्तरीय कर्मशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** शारदीय (खरीफ) महाअभियान-2026 के अंतर्गत सोमवार को जिला स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों एवं कृषि कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी सहित जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, बीटीएम, सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम), किसान सलाहकार एवं अन्य कृषि कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कर्मशाला में विशेष रूप से शारदीय महाअभियान, खेत बचाओ महाअभियानसहित अन्य किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वरीय वैज्ञानिक ने किसानों एवं कृषि कर्मियों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र में खरीफ फसलों के उन्नत प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग, समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन, उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक प्रयोग, पोषक तत्व प्रबंधन तथा कृषि यंत्रों के प्रभावी उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कृषि विभाग की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा किसानों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि कर्मियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने और फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और नई तकनीकों के प्रसार से किसानों की आय में वृद्धि एवं कृषि उत्पादन को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में खरीफ मौसम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए किसानों के हित में समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया गया।

# पीरपैंती में पंचायत समिति की सामान्य बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्रायसम भवन में सोमवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की नअध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी ने की। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार, स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. छोटे लाल, बीपीआरओ कामेश्वर नारायण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने विशेष रूप से पीएचईडी विभाग के तहत पेयजल आपूर्ति, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत और जल जीवन हरियाली योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की। वहीं, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की कमी और टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

इसके अतिरिक्त, मनरेगा, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बिजली विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) तथा स्वच्छता अभियान से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने कई योजनाओं के धीमे क्रियान्वयन और आम लोगों को हो रही परेशानियों की जानकारी अधिकारियों को

अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया।

बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से सक्रिय पहल की मांग की।

# पीरपैंती में अनुसूचित जनजाति संघ की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती, अनुसूचित जनजाति खरवार संघ की बैठक कुटिग्राम, दयालपुर में आयोजित की गई। भुवनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक मेनवनिर्मित कार्यालय, संगठन विस्तार और मजबूती पर विचार व्यक्त किया गया। नए सदस्यों के बारे मे बातचीत की गई। आय व्यय का ब्योरा, महासभा आयोजित सहित तमाम मुद्दों पर विचार किया गया। बैठक में शशिधर सिंह, पिंटू मंडल, अरविंद कुमार, इंद्रदेव मंडल, पिंटू कुमार, जयप्रकाश मंडल, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नौ कुण्डीय शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा को लेकर 2100 कलश के साथ निकला भव्य कलश यात्रा

लोकतंत्र की आवाज़

**जय माता दी, जय मां बायसी के जयकारों से गूंजा शहर**



**साहिबगंज।** शहर के मां बायसी मंदिर प्रांगण में सोमवार को सात दिवसीय नौ कुंडिया शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 2100 कलश के साथ महिलाए कलश यात्रा में शामिल हुई। ढोल नगाड़ा गाजे बाजे घोड़ा रथ के साथ भव्य कलश यात्रा मां बायसी मंदिर प्रांगण से निकलकर बड़तल्ला, कृष्ण नगर, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, एसडीओ कोठी होते हुए ओझा टोली गंगा घाट पहुंचकर गंगा तट में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से कलश जलभरी किया ओर कलश पूजन किया।

वही श्रीधाम वृंदावन की कथा वाचिका सुदीक्षा कृष्णा ने बाल गोपाल के साथ गंगा पूजन किया। वही गंगा पूजन के बाद कलश यात्रा मां बायसी मंदिर प्रांगण यज्ञ शाला पहुंचकर समाप्त हुआ। वही मंदिर की भागतीन ने बताया कि 2100 कलश लेकर कलश यात्रा निकलकर शहर भ्रमण किया ओर मंदिर प्रांगण यज्ञशाला पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। शाम पांच बजे से भागवत कथा व रासलीला का आयोजन किया जाएगा। वही महायज्ञ आयोजक तांत्रिक विजय जी ने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे नौ कुंडीय यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से अग्नि प्रवेश किया जाएगा और महायज्ञ शुरू होगा। वही समिति के आलोक ओझा ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ कलश यात्रा में लगभग पांच हजार की संख्या में महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु शामिल हुए थे। वृन्दावन की कथा वाचिका शाम पांच बजे से कथा शुरू करेंगे। सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में शहरवासी, जिलेवासी ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर पुण्य के भागी बने। मौके पर अध्यक्ष संजय यादव, जुगनू पाठक, राजीव ओझा, श्रीकांत ओझा, आलोक ओझा, कालू यादव, प्रेम लाल यादव, अरुण चौधरी सहित सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु शामिल थे।

# 13.7 ग्राम एमडीएमए के साथ दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़




**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 13.7 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फुलवरिया पटाल के समीप अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। राजमहल बीडीओ सह सीओ मो युसुफ की उपस्थिति में पुलिस टीम ने उक्त स्थल पर घेराबंदी की।

इस दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा जिसे जवानों ने पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 13.7 ग्राम एमडीएमए जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान फकरुद्दीन शेख उर्फ मिंटू (29) के रूप में हुई।

पूछताछ में उसने इस अवैध कारोबार में सलमान शेख की संलिप्तता की जानकारी दी। इसके आधार पर पुलिस ने सलमान शेख को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। इस मामले में राजमहल थाना में कांड संख्या 181/26 दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 21 एवं 27 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में सीओ सह बीडीओ मो युसुफ, थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, पवन यादव, महादेव उरांव, बृजनंदन चौधरी, महेंद्र यादव एवं दिनेश कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य जवान शामिल थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# आईटीबीपी ट्रेकिंग अभियान में ऋषव ने बढ़ाया जिले का मान

लोकतंत्र की आवाज़



**साहिबगंज।** जिले के युवा ऋषव कुमार सिंह ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ हिमाचल प्रदेश के दुर्गम चितकुल पर्वतीय क्षेत्र में 11323 फीट की ऊंचाई तक सफल ट्रेकिंग कर साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। यह ट्रेकिंग अभियान भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा आईटीबीपी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच ऋषव ने सफलतापूर्वक अभियान पूरा कर साहिबगंज का नाम रोशन किया। अपनी सफलता पर ऋषव कुमार सिंह ने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक है।

उन्होंने इस अवसर और मार्गदर्शन के लिए आईटीबीपी तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग, प्रेरणा और उत्कृष्ट आयोजन ने इस चुनौतीपूर्ण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह ने ऋषव की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऋषव ने अपनी मेहनत, लगन और साहस के बल पर न केवल कॉलेज बल्कि पूरे साहिबगंज जिले का गौरव बढ़ाया है।

उनकी उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऋषव इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूते हुए जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

ऋषव की इस सफलता पर शिक्षकों, छात्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# भारत संस्कृत से ही प्रतिष्ठित है, हिंदी की शुद्ध वर्तनी में इसका मुख्य योगदान

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती /कहलगांव।** जवाहरलाल उमावि धनौरा में चल रहे संस्कृत संभाषण शिविर के सातवें दिन बिहार प्रांत संस्कृत भारती के अध्यक्ष व बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के पूर्व हेड प्रो डॉ इन्द्रनाथ झा पहुंचे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत संस्कृत से ही प्रतिष्ठित है।

हिंदी की शुद्ध वर्तनी हेतु इसका योगदान अतुलनीय है। हमारा जन्म केवल भोजन करने के लिए नहीं हुआ है अपितु परिवार, समाज व देश को गौरवान्वित करने के लिए होता है। संस्कृत कठिन नहीं है दिमाग से निकाल दें। अब्राहम लिंकन के अनुसार हमें देश व सरकार ने मेरे लिए क्या किया यह न सोचकर मैंने क्या किया ऐसा सोचना चाहिए।अपने उत्तरदायित्व को समझें।अपनी आर्थिक स्थिति, स्थान, जाति, वर्ण आदि के भेद से उपर उठकर संस्कृत पढ़ें।

हमें ईश्वर ने शक्ति कमजोर को मारने नहीं अपितु अपने ज्ञान से बचाने के लिए दिया है। निरपराध को मारने से कोई फायदा नहीं।आर्त (दुखी) को बचाएं, साथ चलें, साथ मन वाले बनें, एकीकृत भावना से देश को देखें।प्राचीन वैद्यों की तरह रोगी का सही इलाज करें।प्राचीन शिक्षकों की तरह अपने ज्ञान को बढ़ाकर स्वयं दक्ष होकर छात्रों को अपने ज्ञान से सजाएं।उन्होंने प्राचार्य शैलेश पांडेय व शिविर संचालक डॉ नयन तिवारी की सराहना की।

# बिहपुर खानकाह में उर्स-ए-पाक की तैयारी पूरी, कई राज्यों और जिलों से पहुंचेंगे मौलाना, शायर और अकीदतमंद

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर, नवगछिया।** बिहपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध खानकाह-ए-आलिया कादिरिया फरीदिया मोहब्बतिया में 13 जून से शुरू होने वाले दो दिवसीय उर्स-ए-पाक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सूफी संत एवं धर्मगुरु हजरत सैयदना हुजूर मोहब्बत शाह कादरी फरीदी रहमतुल्लाह अलैह तथा हजरत सैयदना हुजूर अलैहदाद शाह कादरी फरीदी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स इस वर्ष भी पूरे धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा।

उर्स-ए-पाक के अवसर पर आयोजित होने वाले जलसे में बिहार और झारखंड सहित विभिन्न राज्यों एवं जिलों से नामचीन उलेमा, शायर, नातख्वां और अकीदतमंद शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में गया से मौलाना जाकिर हुसैन गयाबी, मधेपुरा से मुफ्ती गुलाम अहमद रजा, खगड़िया से मौलाना अबू सालेह फरीदी, तथा भागलपुर से मौलाना मोहम्मद इरफान आलम उर्फ उरफी, मौलाना मोहम्मद शमशीर आलम, मौलाना कुतुबुद्दीन, मौलाना मोहम्मद मुबश्शिर रजा, मौलाना मोहम्मद राकिब रजा और हाफिज कारी तारिक अनवर सहित कई विद्वान धर्मगुरु शामिल होंगे।

वहीं झारखंड से शायर-ए-इस्लाम शहबाज सिद्दीकी, खगड़िया से शौकीन नवाज 'शौक', मधेपुरा से नातख्वां मोहम्मद जमजम, बांका से मोहम्मद गुलाम फरीद, भागलपुर से मोहम्मद नैयर जमाली एवं मोहम्मद नूरुद्दीन नूरी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा मधेपुरा से मौलाना मोहम्मद बदरुज्जमा भी कार्यक्रम में तशरीफ लाएंगे।

उर्स के दौरान आयोजित होने वाली खानकाही कव्वाली में समस्तीपुर से प्रसिद्ध कव्वाल मोहम्मद अकरम फरीदी तथा मधेपुरा से मोहम्मद खलील अपनी सूफियाना कलाम और कव्वालियों से महफिल को रूहानी रंग में रंगेंगे। आयोजकों ने बताया कि उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खानकाह कमेटी एवं स्थानीय लोग जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: पचपकडी.पुलिस ने सुखा नशा के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर एक को किया गिरफ्तार



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** पुलिस ने सूखा नशा के खिलाफ विशेष अभियान के तहत् पक्रचपकड़ी थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम खोडीपाकड़ गांव में एक किराना दुकान में छापामारी की गयी। जिसमें 12 गांजा की छोटी पुड़िया जिसका वजन 13 .66 ग्राम एवं 10 गोगो बरामद किया गया। दुकानदार रौशन सिंह उम्र 48 वर्ष पिता स्वङ्ग भूपनारायण सिंह ग्राम खोड़ीपाकड़ थाना पचपकड़ी जिला पूर्वी चम्पारण को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### गुप्त सूचना पर पतरघट पुलिस की कार्रवाई, 72 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**सहरसा संवाददाता।** पतरघट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 72 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब तस्करी में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि टोटो रिक्शा से देशी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद गोलमा चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक टोटो रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 72 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से गोलमा पश्चिमी निवासी राजेश वाहन जांच में खुला शराब तस्करी का राज, टोटो समेत दो गिरफ्तार कुमार कामत (पिता– देवन कामत) तथा भागवतपर निवासी सौरव कुमार (पिता– अजय कुमार) को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त टोटो रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत पतरघट थाना कांड संख्या 108/26 दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए सहरसा मंडल कारा भेज दिया गया।

### मोतिहारी: एचपीसीएल बायो फ्यूल लि0 इकाई सुगौली के आरक्षित क्षेत्र में गन्ना ग्राम गोष्ठी का आयोजन किया



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 08-06-2026 को क्षेत्रीय विकास परिषद,मोतिहारी द्वारा एचपीसीएल बायोफ्यूल लि. इकाई-सुगौली के आरक्षित क्षेत्र में प्रखंड आदापुर के कटगेनवा ग्राम में गन्ना ग्राम गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बिहार सरकार गन्ना उद्योग विभाग के गन्ना प्रसार अधिकारी श्रुतिर्ध ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं मिल प्रबंधन की और से गन्ना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने गन्ना सर्वे और गन्ना बुआई से जुड़ी हुई तकनीकी जानकारी दी। साथ ही अन्य गन्ना समसामयिकी विषय वस्तुओं पर अजय शर्मा द्वारा जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई गई। बैठक में स्थानीय बीएलडब्ल्यू,एमटीएस सहित मिल के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान बैठक में 90 किसानों के उपस्थिति रही।

### मोतिहारी में एनडीपीएस मामले में बड़ा फैसला...तीन तस्करों को 10-10 साल की सजा,1-1 लाख रुपये का जुर्माना

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच मोतिहारी पुलिस को बड़ी कानूनी सफलता मिली है... एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) एक्ट से जुड़े एक मामले में अदालत ने तीन दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है... एनडीपीएस कोर्ट-1,मोतिहारी की न्यायाधीश रेशमा वर्मा ने आदापुर थाना कांड संख्या-122/24 (एनडीपीएस-46/26) में सुनवाई पूरी होने के बाद मायालाल कुमार,मो. मुस्लिम और हरिमोहन कुमार को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1-1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अदालत ने यह फैसला मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों,जांच रिपोर्ट और चार्जशीट के आधार पर दिया...मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक डॉ. शंभू शरण सिंह ने प्रभावी पैरवी की...तीनों दोषी बंजरिया थाना क्षेत्र के सिसवा अजगरी गांव के निवासी हैं।

# 25 साल पुराने भूमि विवाद में कब्जा दिलाने पहुंची न्यायालय की टीम को बेरंग लौटना पड़ा



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** नगर के मुख्य बाजार में रविवार को 25 वर्ष पुराने भूमि विवाद को लेकर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब न्यायालय के आदेश पर दखल-दिहानी (कब्जा दिलाने) की कार्रवाई करने पहुंची न्यायालय की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध इतना तीव्र था कि न्यायिक कर्मियों और पुलिस बल को बिना कब्जा दिलाए ही वापस लौटना पड़ा। घटना के दौरान क्षेत्र में घंटों तनावपूर्ण स्थिति बनी रही तथा बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मुंसिफ न्यायालय के आदेश पर पहुंची थी टीम₹ : जानकारी के अनुसार, मामला मुंसिफ न्यायालय, सिमरीबख्तियारपुर में लंबित वाद संख्या 02/2001 से संबंधित है। लंबे समय से चल रहे इस भूमि विवाद में न्यायालय ने अंतिम निर्णय डिक्रीदार रतन कुमार भगत के पक्ष में देते हुए उन्हें भूमि पर दखल-दिहानी कराने का आदेश जारी किया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रविवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह 11 बजे न्यायिक कर्मियों की टीम पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजार स्थित विवादित भूमि पर पहुंची। टीम का उद्देश्य न्यायालय के आदेश के तहत डिक्रीदार को जमीन पर कब्जा दिलाना था। ₹कार्रवाई स्टार्ट होते ही शुरू हुआ विरोध₹ : जानकारी अनुसार कोर्ट की टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही एक पक्ष के लोग मौके पर एकत्र हो गए। एक पक्ष के अनिल भगत के स्वजनों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण ह हो गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी स्थल पर जुट गए। विरोध कर रहे स्वजनों का आरोप था कि वे पिछले करीब 70 वर्षों से उक्त जमीन पर रह रहे हैं। उनका विरोध के बीच टली दखल-दिहानी मुख्य बाजार में दो घंटे तक चली कार्रवाई की प्रक्रिया, पुलिस बल की कमी बनी कार्रवाई में बाधा दावा है कि यह भूमि उनके पूर्वजों की है, जो उन्हें बदलेन के रूप में प्राप्त हुई थी। स्वजनों ने दूसरे पक्ष के रतन कुमार भगत पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे कथित रूप से गलत तरीके से जमीन अपने नाम करा ली है। वहीं डिक्रीदार रतन कुमार भगत ने विरोधी पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विवादित भूमि उनके पिता स्व. सच्चिदानंद प्रसाद भगत के नाम दर्ज थी। पिता के निधन के बाद नियमानुसार उक्त भूमि उनके नाम हस्तांतरित हो गई। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों की समीक्षा के बाद उनके पक्ष में फैसला सुनाया है।₹दो घंटे तक समझाने की कोशिश, नहीं बनी बात₹ मौके पर मौजूद न्यायिक कर्मियों और पुलिस अधिकारियों ने ने करीब दो घंटे तक विरोध जता रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि विरोध कर रहे लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए संयम बरता। इस दौरान क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा और लोग पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रहे। हालांकि पुलिस की सतर्कता के कारण कोई बड़ी घटना नहीं हुई। पुलिस बल की कमी के कारण टली कार्रवाई₹ : मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि दखल-दिहानी की कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध नहीं था। विरोध की स्थिति को देखते हुए कार्रवाई को स्थगित करना पड़ा अधिकारियों के अनुसार अब न्यायालय द्वारा नई तिथि निर्धारित की जाएगी। अगली तिथि पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और जिला प्रशासन की निगरानी में कब्जा दिलाने की कार्रवाई पूरी कराई जाएगी। अधिकारियों की मौजूदगी में चला पूरा घटनाक्रम दखल-दिहानी की कार्रवाई के दौरान अंचलाधिकारी शुभम वर्मा, थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार, दरोगा सुधीर कुमार, स्वीटी कुमारी, ज्योति कुमारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन हर हाल में कराया जाएगा तथा इसके लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## संगठन विस्तार, एकता और समाजहित के कार्यों को मिलेगी नई गति



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** राज्य स्तरीय करणी सेना समारोह में सहरसा जिले के जिलाध्यक्ष एवं युवा जिलाध्यक्ष के मनोनयन के बाद रविवार को शहर के नया बाजार में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सानू सिंह और युवा जिलाध्यक्ष अंकु सिंह का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सत्यजीत सिंह मुन्ना, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रधान सलाहकार आभास कुमार रमन सहित कई पदाधिकारियों ने दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सानू सिंह ने कहा कि लंबे समय से करणी सेना का संगठन जिले में निष्क्रिय था, लेकिन राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर नए लोगों को जोड़कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। युवा जिलाध्यक्ष अंकु सिंह ने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़कर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द कायम रखने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने संगठन विस्तार और एकता को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सभी कार्य राष्ट्र एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राज्य स्तरीय नेतृत्व को सफल चयन के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। मौके पर रघुनंदन कुमार छोटू, सोना सिंह भदोरिया, ज्ञानू बाबुआन, भोला सिंह, टीपू सिंह, रंजीत सिंह, अमन सिंह, बाबुल सिंह, निर्भय सिंह, ओम सिंह, नित्यांशु राज, सुधांशु सिंह, अभिजीत आनंद समेत बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## बिजधरी पुलिस ने पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**लोकतंत्र की आवाज**

**केसरिया संवाददाता प्रिंस कुमार**

**पूर्वी चंपारण।** पोक्सो एक्ट के कांड में बिजधरी थाना कांड संख्या 23/26 दिनांक 18/2/26 धारा- 140 ( 2 )/137(2)/352 बीएनएस एवं 8/12 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकि अभियुक्त चिंटू महतो उर्फ अखिलेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता रामेश्वर महतो एवं रामेश्वर महतो उम्र करीब 52 वर्ष पिता स्वर्गीय मुखलाल महतो दोनों सा० केसरिया थाना जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया है। एवं साथ ही साथ इस कांड की अपहृता अंजली कुमारी पिता संजय राय ग्राम सुंदरापुर थाना बीजधरी जिला पूर्वी चंपारण को बरामद किया गया है।

## भाई-भाई के विवाद में चली चाकू, एक गंभीर; दूसरे पक्ष के दो लोग भी घायल, घरखाली करने की बात पर बढ़ा विवाद, तीन लोग अस्पताल पहुंचे



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सिमरी गांव में रविवार की शाम भाई-भाई के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घर के हिस्से और खाली करने की बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी के दौरान चाकूबाजी एवं मारपीट की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे पक्ष के दो लोग भी जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरीबख्तियारपुर में भर्ती कराया गया, जहां एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान सिमरी गांव वार्ड संख्या-11 निवासी मु. निजामुद्दीन के 40 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार के रूप में हुई है। वहीं घटना में उसके भाई तथा भाई की पत्नी भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल में इलाजरत बबलू कुमार ने बताया कि वह रोजगार के सिलसिले में अलीगढ़ में रहता है। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था। घर पहुंचने के बाद उसने अपने हिस्से के मकान में भाई को चले जाने की बात कही। इसी मुद्दे को लेकर दोनों भाइयों के बीच पहले कहासुनी हुई और बाद में विवाद बढ़ गया। बबलू का आरोप है कि विवाद के दौरान उसके भाई ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। दोनों पक्षों में हुई मारपीट₹ जानकारी अनुसार विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। इसी दौरान दूसरे पक्ष के दो लोग भी घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घटना की सूचना मिलते ही बख्तियारपुर थाना पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मासिक अपराध गोष्ठी में अपराध नियंत्रण व लंबित मामलों के निष्पादन पर जोर



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा, 8 जून।** पुलिस जिला बगहा के पुलिस सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मई 2026 माह की जिला स्तरीय मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध गोष्ठी के दौरान सभी थानाध्यक्षों को लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, नियमित गश्ती, वाहन जांच, निरोधात्मक कार्रवाई तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन के मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में अवैध बालू खनन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाने, डायल-112 सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने, सीसीटीएनएस कार्यों की समीक्षा तथा मद्यनिषेध अभियान के तहत शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मई माह में विभिन्न थानों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए वारंट निष्पादन, गश्ती, अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई तथा लंबित मामलों के निष्पादन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

**मई 2026 में बगहा पुलिस की प्रमुख उपलब्धियां:** पुलिस जिला बगहा द्वारा मई 2026 में कुल 231 गिरफ्तारी की गई, जिसमें 78 गिरफ्तारी विभिन्न कांडों में तथा 89 गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन के दौरान हुई। वाहन जांच अभियान के तहत 16 लाख 96 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं 1176.86 लीटर देशी एवं विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 158 बीडब्ल्यू एवं 330 एनबीडब्ल्यू वारंटों का सफल निष्पादन कर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा, 8 जून।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय बगहा में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी तथा अन्य पुलिस संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है तथा किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। कई मामलों में तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, जबकि अन्य मामलों को जांच के लिए संबंधित थाना एवं पुलिस पदाधिकारियों को भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस कार्यालय बगहा में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान कोई भी नागरिक अपनी शिकायत, समस्या अथवा सुझाव लेकर उपस्थित हो सकता है। प्राप्त आवेदनों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है ताकि लोगों को न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। पुलिस जनता की सुरक्षा, सेवा और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने तथा पारदर्शी पुलिस व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## खरीफ महाअभियान को सफल बनाने के लिए कृषि कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बेतिया।** कृषि विभाग द्वारा संचालित शारदीय (खरीफ) महाअभियान के सफल क्रियान्वयन एवं किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को डीआरसीसी सभागार, बेतिया में कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम सहित कृषि विभाग के विभिन्न स्तरों के अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि कर्मियों को नवीन योजनाओं, तकनीकी जानकारियों एवं विभागीय कार्यक्रमों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि वे किसानों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा देकर ही उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि संभव है। उन्होंने कृषि कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों को दिलाने का प्रयास करें। कार्यशाला में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया एवं उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज असगर ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री किसानों के डाटा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अलावा आत्मा योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान मिट्टी जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने से उत्पादन लागत कम होती है तथा फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में वृद्धि होती है। साथ ही 'खेत बचाओ अभियान' के उद्देश्यों एवं उसके क्रियान्वयन की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, जल संरक्षण तथा जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा विभिन्न योजनाओं और तकनीकी विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण से कृषि कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और शारदीय (खरीफ) महाअभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

## बगहा-बेलवनिया पुल परियोजना को लेकर सम्राट चौधरी ने गडकरी को लिखा पत्र

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में फंसी एनएच-727 परियोजना के विकल्प को बरकरार रखने की मांग, सीमावर्ती क्षेत्र के विकास का बताया आधार बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर क्षेत्र में प्रस्तावित बगहा (शास्त्रीनगर)-बेलवनिया (उत्तर प्रदेश) पुल-सह-सड़क परियोजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस परियोजना को बिहार-उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं सामरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। अपने पत्र में सम्राट चौधरी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-727 के मदनपुर से पनियहवा तक का हिस्सा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) क्षेत्र में वन विभाग की आपत्तियों के कारण लंबे समय से अवरुद्ध है। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्रालय द्वारा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बाहर से एक वैकल्पिक मार्ग को स्वीकृति दी गई थी। इसके अंतर्गत बिहार के बगहा (शास्त्रीनगर) से उत्तर प्रदेश के बेलवनिया के बीच गंडक नदी पर पुल-सह-सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच चुका था। लेकिन हाल ही में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रालय के संबंधित विभाग द्वारा इस परियोजना को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर विचार किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि यदि ऐसा होता है तो क्षेत्र की जनता, किसानों, व्यापारियों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में भारी निराशा फैल जाएगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जनहित, क्षेत्रीय विकास और सीमावर्ती इलाके की रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बगहा-बेलवनिया पुल-सह-सड़क परियोजना को यथावत बनाए रखने तथा इसके शीघ्र क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। परियोजना को लेकर क्षेत्र में लोगों की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एक्सीलेंट क्लासेज में बिहार पुलिस चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



अभिमन्यु कुमार
प्रखंड संवाददाता
दाऊदनगर
दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर अनुमंडल रोड स्थित एक्सीलेंट क्लासेज में बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक अमरजीत सर एवं शिक्षक नंदकिशोर सर ने किया उपस्थित रहे नाथ फिजिकल एकडमी रंजीत कुमार । इस अवसर पर बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा सफल अभ्यर्थियों की उपलब्धियों को साझा कर उन्हें बधाई दी गई। अपने संबोधन में नंदकिशोर सर ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। संस्थान के संस्थापक अमरजीत सर ने कहा कि एक्सीलेंट क्लासेज का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें सरकारी सेवाओं में चयनित कराना है। बिहार पुलिस में विद्यार्थियों की सफलता संस्थान के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य अभ्यर्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम में सफल अभ्यर्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा की रणनीति, समय प्रबंधन एवं निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। समारोह के अंत में सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

### स्कूल का ताला तोड़कर मिड-डे मील का चावल समेत हजारों की संपत्ति चोरी



प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला (नवादा)। सिरदला प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, कुशाहन में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के भंडार कक्ष का ताला तोड़कर मिड–डे मील का चावल, खेल सामग्री सहित करीब 50 हजार रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना की जानकारी सोमवार सुबह विद्यालय खुलने पर मिली। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनिधि कश्यप ने बताया कि सुबह करीब छह बजे स्कूल कर्मियों ने फोन कर भंडार कक्ष का ताला टूटा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि कमरे में रखा मिड–डे मील का चावल, खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान गायब था। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी विद्यालय का ताला तोड़ने का प्रयास किया जा चुका है। घटना को लेकर विद्यालय प्रशासन ने सिरदला थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। इधर, थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस घटना की जांच कर चोरों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

### मारपीट व धमकी मामले में बीएनएस के दो आरोपी गिरफ्तार



प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला (नवादा)। सिरदला थाना पुलिस ने मारपीट, धमकी देने तथा अन्य आपराधिक आरोपों से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के छोनुबीघा गांव निवासी रामस्वरूप सपेरा के 32 वर्षीय पुत्र शंकर सपेरा तथा अखिलेश साव के पुत्र विपिन कुमार के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज सिरदला थाना कांड संख्या 126/26 दिनांक 08–06–26 मामले में कार्रवाई की गयी है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में डिजिटल तकनीक निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : डीएम

## खरीफ महाभियान के तहत जिलास्तरीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित







लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
**नवादा।** को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र नवादा में शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय शारदीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय कृषि कर्मियों तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है और कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग लगातार डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि एप के माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण, कृषि तकनीक एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे किसान घर बैठे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं।

जिला पदाधिकारी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे ''खेत बचाओ अभियान'' की चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा कृषि भूमि के कम-से-कम एक चौथाई हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं संतुलित पोषण प्रबंधन से भूमि की उर्वरता बरकरार रहेगी तथा उत्पादन लागत में कमी आएगी।

कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 6,03,104 नई एवं पुरानी जमाबंदियां हैं, जिनके आधार पर किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नवादा जिले में कुल 1,86,174 लाभार्थी किसान हैं, जिनमें से अब तक 1,03,244 किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा चुका है। शेष किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले को 413 क्विंटल संकर धान एवं 250 क्विंटल संकर मक्का बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन बीजों के माध्यम से 25-25 एकड़ के क्लस्टर तैयार कर प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल किसानों के बीच बीज वितरण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि वितरित बीजों की वास्तविक बुआई खेतों में हो तथा किसान उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें। उन्होंने भारत विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के लिए सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 155261 के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसान इस नंबर पर कृषि संबंधी समस्याओं, योजनाओं, तकनीकी सलाह एवं अन्य आवश्यक जानकारियों के लिए संपर्क कर सकते हैं। कृषि कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिकाधिक किसानों को इस सुविधा के बारे में जागरूक करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खरीफ फसलों की उन्नत खेती, बीज प्रतिस्थापन, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों एवं कृषि कर्मियों को नवीन कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा उत्पादन वृद्धि के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शस्य) प्रक्षेत्र-सह-अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## धेवधा में किया गया पौधरोपण

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के धेवधा गांव में रविवार को ब्रह्म पिशाच मंदिर का जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन धेवधा विकास समिति के सौजन्य से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आरओएफ सौरभ शांडिल्य, शेखेदेवरा कृषि केन्द्र के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि वैज्ञानिक शशांक शेखर, प्रतिभा कुमारी, अंगद कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पंकज कुमार, भोजपुरी कलाकार राजा सिंह, अमित आशिक, उत्तम सिंह एवं धेवधा विकास समिति के सदस्यों, ग्रामीण समाजसेवी के द्वारा सैकड़ो छायादार तथा फलदार पौधे लगाए गए। धेवधा विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि दो चरणों में 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वृक्षारोपण के उपरांत मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव का विकास पर्यावरण संरक्षण तथा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आगंतुक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों को आभार पत्र देकर सम्मानित विकास समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष चंदन कुमार, बृजेश कुमार, नीतीश कुमार, देवकांत मिश्रा, सुधीर कुमार समाजसेवी राजकुमार सिंह, कुंदन कुमार, मुकेश कुमार विजय सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

## औरंगाबाद - लक्ष्य कोचिंग सेंटर में बिहार पुलिस में सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता
दाउदनगर
**दाउदनगर (औरंगाबाद)** प्रखंड के गोरडीहां पंचायत के महबीर गांज निवासी संजू कुमारी अपने दो बच्चों का बेहतर पालन- पोषण करते हुए बिहार पुलिस की तैयारी की और पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की संजू की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी वह लगातार नौ वर्ष तक पढ़ाई से दूर रही। लेकिन 2024 के बाद लक्ष्य कोचिंग सेंटर में पढ़ाई शुरू कर दी। दो बच्चों को संभालते हुए अपने पहले ही प्रयास में संजू ने सफलता प्राप्त की है। संजू के साथ-साथ बिहार पुलिस की परीक्षा में अन्य सफल विद्यार्थियों ने भी कठिन परिश्रम से सफलता हासिल की है। इसके लिए मौलाबाग स्थित लक्ष्य कोचिंग सेंटर में एक समारोह आयोजित कर बिहार पुलिस में सफलता प्राप्त करने वाले संस्थान के 11 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक ओम प्रकाश कुमार ने संस्था की ओर से मोमेंटो और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में हसपुरा दक्षिणी क्षेत्र के जिला पार्षद पुष्पलता कुमारी उपस्थित हुई .बताया गया कि केशराड़ी निवासी आयुष कुमार ने अर्थाभाव झेलते हुए भी कठिन परिश्रम किया और बिहार पुलिस में सफलता हासिल की. सोनी निवासी आरती कुमारी को मात्र 20 वर्ष की उम्र में पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त हुई है. मात्र एक वर्ष की पढ़ाई में इन्हें सफलता मिली. इस संस्थान की पूर्ववर्ती छात्र एवं जिला पार्षद पुष्पलता कुमारी ने संस्थान में बिताए गए अपने पलों को याद किया और कहा कि शिक्षकों का जो मार्गदर्शन उन्हें प्राप्त हुआ है, उसी के सहारे वह यहां तक पहुंची हैं. उन्होंने सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को कहा कि उन्हें जो दायित्व मिला है, उसका वह बेहतर तरीके से निर्वहन करें.अपने संस्थान, परिवार ,समाज व जिले का नाम रोशन करें. उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान जीवन में बदलाव ला देते हैं. कार्यक्रम की देख-रेख शिक्षक सौरव कुमार ने की .शिक्षक शाहिद हुसैन ने अतिथियों को सम्मानित किया।

## संत निरंकारी मिशन की नई पहल,रजौली बनी नई शाखा, सुबोध कुमार को मिला कार्यभार, साध संगत में हर्ष का माहौल

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** संत निरंकारी मंडल दिल्ली की ओर से बिहार प्रांत के नवादा जिला अंतर्गत रजौली नगर पंचायत को एक नई शाखा के रूप में गठित किया गया है, जिसके बाद से ही स्थानीय श्रद्धालुओं और साध संगत के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस नवगठित शाखा के सुचारू संचालन तथा आवश्यक सांगठनिक कार्यवाही को सुनिश्चित करने के लिए जोन संख्या-51 झुमरी तिलैया के जोनल इंचार्ज प्रोफेसर देवेंद्र सिंह जी के आदेशानुसार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नवादा के संयोजक विजय कुमार ने केंद्रीय संगठन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र को सबके समक्ष प्रस्तुत किया तथा नवनियुक्त मुखी सुबोध कुमार को वह पत्र सौंपकर उन्हें इस नई जिम्मेदारी से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने पूरे विधि-विधान और मर्यादानुसार सुबोध कुमार के गले में निरंकारी मिशन का पावन दुपट्टा डालकर उन्हें रजौली शाखा के मुख्य कार्यभार की कमान सौंप दी। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने रजौली के तमाम साध संगत ने बेहद हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ अपने नए मुखी सुबोध कुमार का स्वागत किया, जहां श्रद्धालुओं ने उन्हें माला पहनाकर और सुंदर बुके भेंट कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान रजौली और उसके आसपास के क्षेत्रों से आई साध संगत के बीच बेहद खुशी, संतोष और आध्यात्मिक उत्सव का माहौल साफ देखा जा सकता था। इस गरिमामयी और पावन उत्सव के अवसर पर नवादा के शिक्षक रौशन कुमार, सिरदला शाखा के मुखी रामदेव प्रसाद, डॉक्टर ब्यास प्रसाद, रजौली के प्रमुख परसुराम सिंह तथा नन्देलाल प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और इस नए सफर की शुरुआत में साक्षी बनने के लिए मनोज कुमार, मिथलेश कुमार, बहन उषा देवी, बहन काजल कुमारी सहित क्षेत्र के विभिन्न कोनों से आए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और साध संगत के भाई-बहन उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ इस मिलन और नियुक्ति उत्सव को सफल बनाया।

## महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार और महंगाई के खिलाफ संघर्ष तेज करने का किया आह्वान

लोकतंत्र की आवाज



अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता
दाउदनगर ,
**दाउदनगर (औरंगाबाद)** अनुमंडल के अंतर्गत भखरुआं मोड़ स्थित माले कार्यालय में सोमवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (एआईपीडब्ल्यूए) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रिंकू देवी ने की। जबकि संचालन जिला सचिव अलकारी देवी ने किया। बैठक में एआईपीडब्ल्यूए की राज्य सचिव कॉमरेड अनिता पटेल उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अनिता पटेल ने कहा कि देश भर में महिलाओं पर हो रहे जुल्म, अत्याचार, हत्या और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिला भी ऐसी घटनाओं से अछूता नहीं है। सत्ता संरक्षित सामंती तत्वों और अपराधियों के कारण छात्राओं, कामकाजी महिलाओं तथा आम महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल, बाजार और घर से लेकर खेत-खलिहान तक महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने महंगाई और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को महिलाओं की बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की महिलाओं पर पड़ रहा है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को संसदीय संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की लड़ाई लंबे समय से चल रही है। उन्होंने महिला आरक्षण कानून को शीघ्र लागू करने तथा आरक्षण में आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग दोहराई है।बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा की गई। जिले में 10 हजार सदस्य बनाने, सभी प्रखंडों में सम्मेलन आयोजित कर नई कमेटियों का गठन करने तथा महिलाओं के मुद्दों पर जनसंघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।बैठक में जिला अध्यक्ष रिंकू देवी, बसंती देवी, फातमा खातून, अख्तरी बानो, कुशा देवी, ऊषा देवी, धनेसरी देवी, सुनैना देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, राजमुनी देवी, भारती देवी, आशा देवी, मालती देवी, प्रमिला देवी, लाइची देवी, गीता कुमारी, रीता देवी, कमला देवी, सोना देवी, सुशीला देवी, मीना सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## आमजनों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलेभर में जनसुनवाई आयोजित

लोक तंत्र की आवाज

**नवाद।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ''सबका सम्मान-जीवन आसान (एंरी ङ्क्ष्ऋछ५ऌॠ)'' के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता वरीय उपसमाहर्त्ता, नवादा श्री मनोज चौधरी ने की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 13 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, बैंक खाते से अनधिकृत निकासी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं। जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर अंतर्गत अस्पताल मोड़ निवासी मनोज कुमार द्वारा निजी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने, मिर्जापुर निवासी परमेश्वर महतो द्वारा भूमि नामांतरण, थाना नरहट अंतर्गत जमुआरा निवासी अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा बैंक खाते से अनधिकृत निकासी तथा थाना नेमदारगंज अंतर्गत बरेव निवासी अजय प्रसाद द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य



परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

वरीय उपसमाहर्त्ता द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध हो सके।

इसी क्रम में अपर समाहर्ता , नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालय सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जहां आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## युवक का सिर मुंडवाकर पोती कालिख

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के उत्तरी पंचायत क्षेत्र के सुदनपुर गांव में एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक का सिर मुंडवाया, चेहरे पर कालिख पोती, थूक चटाया और गांव में घुमाते हुए मारपीट की। मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित सुदनपुर निवासी मो. नईम के पुत्र शहनवाज ने पकरीबरावां थाना में दिए आवेदन में बताया है कि वह रविवार की संध्या अपने घर में सोया हुआ था। इस दौरान करीब 30 की संख्या में लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। हो- हल्ला करने एवं आस पास के लोगों के विरोध करने पर जबरन पकड़कर गांव के मरहूम इजहार के घर ले गए। वहां लोगों ने जबरन वीडियो बनाया और दबाव बनाया कि एक लाख रुपए दो नहीं तो चोरी के आरोप में फंसा देंगे। नहीं कबूल करने पर सिर मुंडवा दिया गया, चेहरे पर कालिख पोती गई और थूक चटाया गया। आरोप लगाया है कि मारपीट करते हुए गांव घुमाया। इस मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर 14 नामजद एवं 20-25 अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या 242/26 दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कतरास में संकल्प ऐसा कि 12 घंटे तक लगातार यज्ञ कुंड की परिक्रमा... आकाशकिनारी महायज्ञ में चार युवतियों की भक्ति और साधना बनी चर्चा का विषय



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। जिले के कतरास आकाशकिनारी स्थित काली मंदिर परिसर में चल रहे 10 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के छठे दिन आस्था, भक्ति और कठिन साधना का अनूठा दृश्य देखने को मिला। अपनी विशेष मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भटमुरना एवं आकाशकिनारी क्षेत्र की चार युवतियों ने यज्ञ कुंड की लगातार 12 घंटे तक परिक्रमा कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। युवतियों ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बिना रुके यज्ञ कुंड की परिक्रमा की। तेज धूप और मौसम की चुनौतियों के बावजूद उनके संकल्प और श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई। महायज्ञ स्थल पर मौजूद श्रद्धालु उनकी अटूट आस्था को देखकर हैरान और प्रभावित नजर आए।12 घंटे तक लगातार अनुष्ठान एवं परिक्रमा करने वाली युवतियों में मिंटी कुमारी, पूजा कुमारी, अंजू कुमारी और स्वाती कुमारी शामिल हैं। इन युवतियों के कठिन व्रत और धार्मिक समर्पण की यज्ञ समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सराहना की।महायज्ञ के आयोजन से पूरा आकाशकिनारी और कतरास क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष से भक्तिमय हो उठा है। आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### मुक्ति मोर्चा के वरिष्ट नेता हरेंद्र चौहान धनबाद के डिप्टी मेयर अरुण चौहान जी से उनके लोयाबाद आवास पर फूल मला एव वस्त्र देकर शुभकामनायें दी



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ , पप्पु गुप्ता। दिनांक 7/6/26 को शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के तत्वाधान मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ट नेता हरेन्द्र चौहान तथा उनके अनुज धनबाद के डिप्टी मेयर माननीय अरुण चौहान जी से उनके लोयाबाद स्थित आवास पर ओपचारिक मुलाकात कर फुल माला एवं अंग वस्त्र देकर उनको वधाई एवं शुभकामनाये दी।डिप्टी मेयर से स्मारक समिति की और से आग्रह किया गया की जिस प्रकार झारखंड विधान सभा, धनबाद जिला परिषद, बोकारो जिला परिषद, बलियापुर प्रखंड,बाघमारा प्रखंड, मे शहीद शक्ति नाथ महतो जी की तस्वीर लगी है उसी प्रकार धनबाद नगर निगम सदन सभागार मे लगाने आग्रह किया । उन्होने समिति के सदस्यों को आशवस्त किया की बोर्ड की बैठक मे बात को प्रमुखता से रखी जायेगी।

### तेज आंधी बारिश से दर्जनों पेड़ गिरे , कई घर क्षतिग्रस्त



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज/बरहेट। बरहेट के आसपास क्षेत्र में सोमवार दोपहर को तेज आंधी , गर्जन के साथ हुई बारिश के दौरान सड़कों पर दर्जनों पेड़ गिरने तथा कई घर क्षतिग्रस्त हो गए । सनमनी जोजो टोला में आंधी तूफान से पुणा रजवार का नवनिर्मित एलिबेस्टर का मकान जोरदार आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि बरहेट - बरहड़वा हाईवे सड़क पर टीवीएस शोरूम के पास कई पेड़ सड़कों पर गिर गए । हालांकि कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा । आसपास के लोगों के प्रयास से सड़क से पेड़ को हटाया गया । आंधी बारिश से समाचार लिखे जाने तक बिजली गुल है । बताया गया कि किसी भी तरह का जाल माल का नुकसान नहीं हुआ है ।

### भीषण गर्मी से राहत के लिए मालदा मंडल की विशेष तैयारी, 34 स्टेशनों पर 92 वाटर कूलर लगाए गए

लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज/मालदा। भीषण गर्मी को देखते हुए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने यात्री सुरक्षा एवं सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में 34 ताप-संवेदनशील स्टेशनों पर 92 वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं, जिनमें साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर, बरहरवा, राजमहल और गोड्डा सहित कई प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रतीक्षालयों में बैठने, वेंटिलेशन और पंखों की बेहतर व्यवस्था की गई है। साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर चिकित्सा सुविधाएं, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है। रेलवे द्वारा 18 स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली और 25 वीडियो वॉल स्क्रीन के माध्यम से हीटवेव से बचाव संबंधी जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। वहीं, ट्रैक, सिग्नलिंग और अन्य रेल परिसंपत्तियों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है, ताकि गर्मी के कारण किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। मालदा मंडल ने यात्रियों से यात्रा के दौरान पर्याप्त पानी साथ रखने और केवल अधिकृत स्टॉलों से ही पेयजल खरीदने की अपील की है। रेलवे ने सुरक्षित, आरामदायक और यात्री-अनुकूल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# आदिवासी विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन डीबीसी कोनार में

## जमीन हमारा राज तुम्हारा नही चलेगा के नारों से गूंजा डीबीसी परिसर





लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत कोनार डेम डीबीसी कार्यालय के समक्ष आदिवासी विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर के तले एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आक्रोशपूर्ण किया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व कोनारडेम चौक से रैली की शक्ल में ढोल, नगाड़ा और पारंपरिक हथियार के साथ विशाल रैली निकाला गया।

रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल होकर गगन भेदी नारे लगाते दिखे जिसमें जमीन हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा । कोनार डैम तिलैया में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट के निर्माण पूर्व त्रिपक्षीय वार्ता कर विस्थापित रैयतों की समस्या का समाधान करो।

सोलर पावर प्लांट से विस्थापित रैयतों को जमीन के बदले जमीन दिया जाए, कोनार डैम जलाशय के लिए विस्थापित रैयतों के जमीन पर सोलर पावर प्लांट का निर्माण हो रहा है। बिजली उत्पादन का 40% राशि विस्थापित परिवारों को भुगतान का नीति बनाओ। सोलर पावर प्लांट के सभी कार्य और स्थायी देखरेख का कार्य स्थानीय विस्थापित परिवार को दिया जाए। कोनार डैम डीबीसी के विस्थापित भूमि का रसीद निर्गत किया गया है उस पर 2015 में लगाई गई रोक को निरस्त कर अधिग्रहण से बाहर भूमि का रसीद रैयतों को निर्गत किया जाए। कोनार डैम डीबीसी के विस्थापितों की जमीन का विस्थापन प्रमाण पत्र और मालिकाना हक दिया जाए। कोनार डैम जलाशय में प्रस्तावित बृहद प्लॉटिम सोलर पावर प्लांट को रद्द किया जाए, कोनार डैम जलाशय में विस्थापित सभी गांवों में पेयजल और बिजली निशुल्क उपलब्ध कराया जाए।

विस्थापितों के समर्थन व आंदोलन को धारदार बनाने के लिए धरना प्रदर्शन में भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य, भुवनेश्वर केवट एवं संथाली समाज के नेता सोहराय मांझी राज्य कमेटी सदस्य आरडी मांझी, जिला सचिव पच्चू राणा विस्थापित मोर्चा के बोकारो जिलाध्यक्ष बालेश्वर यादव डीबीसी के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि विस्थापितों की समस्या जल्द हल करने का प्रयास करें।

अन्यथा आंदोलन और तीव्र होगी, नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण भारत समेत झारखंड में कारपोरेटों के पक्ष में सत्ता जमीन बेच रही है, जिसको विस्थापित व लाल झंडे के सिपाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोगों ने कहा कि 75 वर्षों बाद भी आज विस्थापित परिवार रोजगार, शिक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य से वंचित हैं और बड़े घरानों के लोग सभी एकाधिकार जमाए हुए हैं। यह बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभा को संबोधित करने वालों में मेहिलाल बेसरा, घनश्याम पाठक, बिसुन हेमब्रोम रूपा बेसरा , लोकनाथ महतो, हेमलाल महतो, भुवनेश्वर महतो ,वासुदेव मंडल दुलारचंद प्रसाद साव,समेप सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रमों में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए विष्णुगढ थाना पदाधिकारी समेत पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया था।

## महादेववरण पंचायत में होगी ग्राम सभा, आवास योजना की सूची पर लगेगी अंतिम मुहर



लोकतंत्र की आवाज़

**साहिबगंज/मंडरो।** आज मंगलवार महादेववरण पंचायत सचिवालय में सुबह 10 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा जारी सूचना के अनुसार आवास प्लस 2024 के तहत तैयार लाभुकों की सूची का ग्राम सभा में सत्यापन किया जाएगा। ग्रामीणों की मौजूदगी में यह जांच की जाएगी कि सूची में शामिल परिवार वास्तव में योजना के पात्र हैं या नहीं। ग्राम पंचायत ने सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों से ग्राम सभा में समय पर पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। पंचायत का कहना है कि ग्राम सभा के सत्यापन के बाद ही सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे जरूरतमंद और पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके। आज होने वाली ग्राम सभा को आवास योजना के लाभुकों के चयन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया माना जा रहा है।

## लोयाबाद पुलिस रविवार को एकडा. चालीस धौड़ा के केदार भुइंया की पुत्री मनीषा के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा धनबाद

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** इस घटना से मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। युवती के मां के रोने धोने से वहां पर मौजूद लोगों की आंखें अंशुओं से तर हो रहे थे। वहां पर मौजूद लोग उसकी मां को ढांढस बंधा रहे थे। युवती के पिता चेन्नई में काम करता है। पिता के आने के बाद ही दाह- संस्कार किया जाएगा। यहां पर सिर्फ मां के साथ मृतक बेटी रहती थी। पुलिस को रविवार की सुबह में घटना की जानकारी दी गई।



थाने के एसआई रोहित कुमार तथा एएसआई मिन्हाज खान और वार्ड आठ के पार्षद रामेश्वर तुरी मौके पर पहुंचे।घटना की जानकारी ली ।मालूम हो कि शनिवार की शाम के करीब छह बजे हुई भारी बारिश के दौरान मनीषा अपने घर के समीप पेड़ के चबूतरे के पास खड़ी थी कि अचानक बारिश और कडक के साथ बिजली चमकी और तेज आवाज के साथ ठनका उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई आनन फानन में लोगों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गया।

जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। शनिवार की शाम को ही एकडा चालीस धौड़ा के अलावे सेंद्रा छः नंबर और बासुदेवपुर 14 नंबर में बिजली गिरी थी। बासुदेवपुर 14 नंबर में बिजली की चपेट में आ जाने से अनील भुइंया की तीस वर्षीय पत्नी मुस्कान देवी झुलस गई। मुस्कान का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा।सेंद्रा छः नंबर में दो सगे भाइयों के घर पर बिजली गिरी।इसमें हताहत कोई नहीं हुआ लेकिन बिजली गिरने से बास्की भुइयां का पंखा, माइक मशीन पलंग कपडा आदि जल गया।

■ **शनिवार की शाम को बिजली गिरने से हो गईं थी मनीषा की दर्दनाक मौत**

उसके भाई गोरे भुइयां के घर में लगा सेटअप बाक्स ब्लास्ट हो गया और टीवी भी जल गया। पार्षद रामेश्वर तुरी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मृतका के परिजन को संतावना दिया। कहा कि अपदा प्रबंधन का जो नियम होगा उसके तहत इन्हें सरकार से सहयोग दिलाया जाएगा।

## धनबाद के लोयाबाद में पांच बार भागी, हर बार मिली... लेकिन छठी बार प्रेमी जोड़े ने चुना खदान का ठिकाना, फिर भी पुलिस ने ढूंढ निकाला

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र में एक प्रेम कहानी उस वक्त चर्चा का विषय बन गई, जब घर से भागी युवती और उसके प्रेमी ने पुलिस और परिजनों की नजरों से बचने के लिए बासुदेवपुर कोलियरी की सुनसान खदानों को अपना ठिकाना बना लिया। लेकिन प्रेम के इस 'अंडरग्राउंड मिशन' का अंत भी पुलिस की कार्रवाई के साथ हुआ।

बताया जाता है कि युवती अपनी मां की मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ रहना चाहती थी। पहले भी वह पांच बार घर से भाग चुकी थी और हर बार पुलिस ने उसे खोजकर परिजनों के हवाले कर दिया था। रिश्तेदारों के घरों में छिपने की पुरानी तरकीब बार-बार नाकाम होने के बाद इस बार दोनों ने नया रास्ता चुना। प्रेमी ने युवती को बासुदेवपुर कोलियरी परियोजना के अंदर एक सुनसान और खतरनाक इलाके में छिपा दिया। वहां युवती करीब दो दिनों तक रही। इस दौरान प्रेमी चोरी-छिपे उसके लिए खाना और पानी पहुंचाता रहा, ताकि किसी को भनक न लगे।



इधर युवती की मां ने लोयाबाद थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सख्ती बरतने पर युवक ने पूरा राज उगल दिया और युवती के छिपने की जगह बता दी। इसके बाद पुलिस टीम ने कोलियरी क्षेत्र में छापेमारी कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार युवती पहले भी पांच बार प्रेमी के साथ घर छोड़ चुकी है और चार बार उसे रिश्तेदारों के घरों से बरामद किया गया था।

इस बार दोनों को लगा था कि खदानों का अंधेरा और सुनसान इलाका उन्हें पुलिस की नजरों से बचा लेगा, लेकिन कानून की पहुंच वहां तक भी पहुंच गई। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## फारवर्ड ब्लाक राजद एवं माले ने संयुक्त रूप से एस पी से मुलाकात कर हत्यारे के गिरफ्तारी की मांग की

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.06.09)।** एक ही वसुंधरा पेड़ जिस पर हजारों होंगे कोई फल देकर खुश रहेंगे कोई कांटों से स्वागत करेंगे कोई तीखे भी होंगे तो मीठे भी मिलेंगे अमृत यहीं मिलेगी जहर तो मिलेंगे ही मिलेंगे। पिछले दिनों गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के बंगारो निवासी इंद्रदेव यादव की हत्या मामले में आरोपियों द्वारा पुनः मृतक के परिजनों को धमकी दिए जाने को लेकर आज भाकपा माले, राजद तथा फॉरवर्ड ब्लॉक की एक संयुक्त टीम ने गिरिडीह के एसपी डॉ विमल कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मृतक इंद्रदेव यादव की पत्नी उनके सभी पांच बच्चे और कुछ परिजन भी थे। पीड़ित परिजनों ने एसपी को बताया कि घटना का मुख्य साजिशकर्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उन्हें इंद्रदेव यादव की तरह ही जान मारने की धमकी दे रहा है। इससे वे लोग काफी दहशत में हैं।



वहीं, टीम में शामिल पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव, माले के जमुआ प्रखंड सचिव एवं पूर्व जिप सदस्य मनोवर हसन बंटी तथा राजद नेता ललन यादव ने भी स्थिति की गंभीरता से एसपी को अवगत कराते हुए घटना में शामिल सभी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। नेताओं ने कहा कि, हत्यारों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि, वे अब भी परिजनों को धमकी देकर हत्या करने की बात कर रहे हैं। पीड़ित परिवार और नेताओं की बातें सुनकर एसपी ने भरोसा दिया कि, घटना में शामिल कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। उन्होंने इस संबंध में खोरीमहुआ एसडीपीओ तथा हीरोडीह थाना प्रभारी को भी फोन पर जरूरी निर्देश दिए। मुलाकात के बाद पार्टी नेताओं ने कहा कि, उन्हें एसपी के आश्वासन पर भरोसा है, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर आगे भी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उक्त के अलावा अक्षय कुमार, बाली यादव, शंकर यादव, उपेंद्र यादव सहित अन्य थे।

## फसलों के विकास के लिए आत्मा सहाय अनुदान अंतर्गत खरीफ फसल तैयारी हेतु किसान गोष्टी का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कृषि प्रभाग आत्मा सहायय अनुदान अंतर्गत सोमबार को बिष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम खरना पंचायत खरना में संतुलित उर्वरक, दलहन खेती, रागी की खेती पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमें बताया गया साथ ही संतुलित उर्वरक उपयोग का अर्थ है मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसल की आवश्यतानुसार पोषक तत्वों (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सूक्ष्म पोषक तत्व) को सही मात्रा, सही समय और सही अनुपात में देना।



यह न केवल पैदावार बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य, उत्पाद की गुणवत्ता और पर्यावरण की रक्षा भी करता है संतुलित उर्वरक में फसल की आवश्यकताओं, मिट्टी की उर्वरता की स्थिति और मौजूदा जलवायु परिस्थितियों के आधार पर सभी आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को उचित अनुपात, मात्रा, समय और तरीकों से लागू करना शामिल है। सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी, नीम-लेपित यूरिया और नैनो उर्वरकों सहित कई पहलों के माध्यम से उर्वरकों के संतुलित उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। गोष्टी की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार ने किया ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,उमेश कुमार राणा , कृषि कृषि विशेषज्ञ योगेंद्र कुमार महतो , प्रगतिशील कृषक शिबू सोरेन जी, कृषक मित्र निर्मल कुमार , और संजय कुमार सोरेन एवं अन्य कृषक शामिल हुए।

## भाकपा माले अडवारा लोकल कमिटी का 5 वाँ सम्मेलन सम्पन्न, भुनेश्वर महतो बने सचिव

लोकतंत्र की आवाज

**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** भाकपा माले अडवारा लोकल कमिटी का 5 वाँ सम्मेलन पहाड़पुर गांव में सोमवार को सम्पन्न हुआ.सम्मेलन की शुरुआत में जन आंदोलनों में शहीद तमाम लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया और उसके बाद शहीद बेदी में बारी बारी से पुष्प अर्पित किया गया एवं किसान मजदूरों के प्रतीक पार्टी का झंडा फहराया गया.





सम्मेलन में विदाई कमिटी की और पूर्व मुखिया लालजीत मरांडी साल भर के पार्टी द्वारा ली गई पहलकदमी और राजनीतिक सामाजिक स्थितियों पर दस्तावेज प्रस्तुत किया जिसमें छब्बीस लोगों ने बहस में हिस्सा लिया.अंत में तेईस सदस्यीय लोकल कमिटीं का चुनाव किया गया जिसके सरसम्मति से सचिव भुनेश्वर महतो को बनाया गया.

सम्मेलन के मुख्य अतिथि माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो ने कहा कि 90 के दशक में सामंती धाक के खिलाफ शहीद कामरेड महेंद्र सिंह के नेतृत्व में अडवारा के ग्राम अंचलों में चले जन आंदोलन में भाकपा माले को यहां स्थापित किया गया और तब से ग्रामीण गरीबों की दावेदारी की सबसे विश्वसनीय पार्टी के तौर पर माले काम कर रही है.उन्होंने कहा कि अडवारा से लेकर बगोदर तक धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया ताकि गरीब आदिवासी महिलाओं द्वारा तकरीबन 85 लाख रुपए के ठगी करनेवालों कर कानून सम्मत कार्रवाई हो पर उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला.आनेवाले दिन में गरीब आदिवासी महिलाओं के नेतृत्व में पुनःआंदोलन किया जाएगा.उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कीमतों में भारी वृद्धि करके केंद्र की मोदी सरकार ने आम जनता के जीवन-यापन को मुश्किल में डाल दिया है.शिक्षा ,परीक्षा और बहाली में केंद्र सरकार पूरी तरह से फेल हो गई.लगातार पेपर लीक हो रहे हैं और सरकार अपनी जिम्मेवारियों से भाग रही है.उन्होंने कहा कि बगोदर में पुलिस प्रशासन बेलगाम हो गया है.आनेवाले दिन में जन सवालों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा.उन्होंने आगामी 16 जून को बालमुकुंद फैक्ट्री में मजदूरों की छटनी के खिलाफ बड़ी संख्या में गिरिडीह चलने का आह्वान किया.

सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर भोला प्रसाद महतो मौजूद रहे.उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, तेजनारायण पासवान,राजकुमार दास,लालजीत मरांडी,बीरेंद्र पटेल ,रामदेव महतो,सोनू सिंह ,सुखदेव सिंह,राजू सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नौघरा सड़क हादसे में मृत दो किशोरों के परिजनों को मंत्री ने सौंपे 4-4 लाख रुपये के चेक



**कैमूर** जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नौघरा गांव में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दो किशोरों के परिजनों को बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने सोमवार को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। यह सहायता राशि राज्य सरकार की सड़क दुर्घटना सहायता योजना के तहत दी गई। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व नौघरा गांव के दक्षिण स्थित खड़ौरा रोड पर मिट्टी लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया था। ट्रैक्टर के इंजन पर बैठे दो किशोर हादसे की चपेट में आ गए। ट्रैक्टर पलटने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे दोनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान नौघरा गांव निवासी कलामुद्दीन अंसारी के 11 वर्षीय पुत्र सैस अंसारी तथा हसीर धोबी के 14 वर्षीय पुत्र सेचन अली के रूप में हुई थी। सोमवार को मंत्री मोहम्मद जमा खान ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मृतकों के परिजनों को सहायता राशि के चेक सौंपे। उन्होंने मृतक सैस अंसारी की मां जमुना खातून तथा सेचन अली की मां सबरा खातून को चार-चार लाख रुपये का चेक प्रदान कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहते हैं तथा आगे भी जनहित में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### भभुआ पहुंचीं प्रभारी डीआईजी हरप्रीत कौर, गॉड ऑफ ऑनर के साथ हुआ स्वागत



**कैमूर।** भभुआ में पुलिस कार्यों की समीक्षा के लिए सोमवार को प्रभारी डीआईजी हरप्रीत कौर भभुआ पहुंचीं। सुबह करीब 11:30 बजे उनके सर्किट हाउस पहुंचने पर पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और उनका स्वागत किया। जानकारी के अनुसार प्रभारी डीआईजी का यह दौरा जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया है। सर्किट हाउस में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके पश्चात एसपी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में एफआईआर के निष्पादन, लंबित मामलों की जांच, अनुसंधान की प्रगति, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिले में अपराध की स्थिति, मामलों के त्वरित निष्पादन और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रभारी डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न मामलों की जानकारी ली तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया। दौरे के क्रम में उनके द्वारा जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण किए जाने की भी जानकारी दी गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता तथा कार्यप्रणाली का आकलन किया जाएगा। समीक्षा और निरीक्षण के बाद प्रभारी डीआईजी जिले की समग्र कानून-व्यवस्था एवं पुलिस कार्यों पर विस्तृत चर्चा करेंगी।

# नौघरा पहुंचे जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बोले- 'आप लोगों से मिलने चला आया था'

### मंत्री मोहम्मद जमा खान के पैतृक गांव में हुआ भव्य स्वागत, विकास कार्यों को और गति देने का दिया भरोसा

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित नौघरा गांव पहुंचे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान के पैतृक गांव में उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। गांव पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों तथा स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही नौघरा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। कड़ी धूप और गर्म मौसम के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार का अभिवादन करते हुए उनके साथ मुलाकात की और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान के माता-पिता से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने परिवार के प्रति आत्मीयता व्यक्त करते हुए कुछ समय उनके साथ बिताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इसे पुराने संबंधों और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया।

अपने संक्षिप्त संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका यह दौरा किसी राजनीतिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, ₹यह कोई कार्यक्रम नहीं था, मैं सिर्फ आप लोगों से मिलने चला आया था। आप लोगों का स्नेह और अपनापन हमेशा मुझे यहां खींच लाता है।₹ उनके इस सहज और आत्मीय संबोधन का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मंत्री ने कहा, ₹मैं हमेशा जनता का सेवक रहा हूं और आगे भी रहूंगा। क्षेत्र का समग्र विकास, युवाओं को बेहतर अवसर, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई नई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। नीतीश कुमार के इस दौरे को जेडीयू कार्यकर्ताओं ने संगठन के लिए उत्साहवर्धक बताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का गांव स्तर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिलना संगठन को मजबूती प्रदान करता है तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें अखिलेश नारायण सिंह (मंडल अध्यक्ष, भाजपा चांद दक्षिणी), सुजीत कुमार सिंह (मंडल अध्यक्ष, भाजपा चांद उत्तरी), सतीश सिंह पटेल (मंडल अध्यक्ष, जेडीयू चांद प्रखंड), राजेश कुमार सिंह (प्रखंड अध्यक्ष, जेडीयू चैनपुर), संजय पांडेय (पैक्स अध्यक्ष, जगरिया) सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और ग्रामीण शामिल थे।

पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक चर्चाओं का माहौल बना रहा तथा लोगों ने इसे क्षेत्र के प्रति उनके विशेष लगाव और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया।

# दुर्गावती : विवाहिता की संदिग्ध मौत, मामले की जांच में जुटी पुलिस



लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती :** स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में एक 32 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी श्याम नारायण राम की पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई है। रानी की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व कल्याणपुर निवासी राजेंद्र कुमार से हुई थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार को घर के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान महिला ने कथित तौर पर अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दुर्गावती थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रोशनदान के रास्ते घर में प्रवेश कर कमरे का दरवाजा खोला। कमरे के अंदर महिला बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता श्याम नारायण राम ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेटी की शादी के बाद से ही पति-पत्नी के संबंध अच्छे नहीं थे और दामाद अक्सर उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। रानी कुमारी अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गई हैं। इनमें सबसे छोटी बच्ची की उम्र लगभग दो वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मृतका के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी पहलुओं की गहन जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चांद बाजार में बना सामुदायिक शौचालय पर दबंगों का कब्जा

लोकतंत्र की आवाज

**चांद ।** चांद बाजार में जिला परिषद मद से बना सामुदायिक शौचालय पर असमाजिक तत्वों के कब्जा के बाद आम लोग नही उपयोग कर पा रहे हैं। चांद बाजार में शौच की बड़ी समस्या है नहीं को साधन है खासकर महिलाओं को बड़ी असुविधा हो रही है। वर्तमान जिला परिषद सदस्य वकील यादव ने जिला परिषद मद से 12 लाख रुपए खर्च कर उपयोगी सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया। उद्घाटन के बाद नीजी व्यक्ति को देख रेख के लिए दिया गया। उसने कुछ पैसे लेकर सामुदायिक शौचालय का संचालन ठीक किया। इधर एक सप्ताह से कुछ असमाजिक तत्वों का सार्वजनिक शौचालय पर कब्जा कर लिए हैं जिससे आम लोगों को शौच करने में असुविधा हो रही है। दुकानदार श्याम नारायण सिंह ने कहा सामुदायिक शौचालय चांद बाजार वासियों एवं दुकानदारों के लिए वरदान साबित हो रहा था। उन्होंने ने आरोप लगाया असमाजिक तत्वों के द्वारा सामुदायिक शौचालय पर कब्जा है। बाजार वासियों एवं ग्रामीणों को शौचालय का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने उप विकास आयुक्त से सामुदायिक शौचालय पर से असमाजिक तत्वों का कब्जा हटाने की मांग की है।

# वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर पांडेय के निधन से पत्रकारिता जगत स्तब्ध, शोक सभा में दी भावभीनी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती (कैमूर)।** दुर्गावती प्रखंड के वरिष्ठ, निष्पक्ष और मृदुभाषी पत्रकार श्यामसुंदर पांडेय के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सोमवार को दुर्गावती बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में एक श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में क्षेत्र के पत्रकारों, समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत पत्रकार को नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पांडेय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई। शोक सभा में दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि श्यामसुंदर पांडेय स्वच्छ छवि, निष्पक्ष लेखनी और उच्च मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। उनका जाना पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वहीं समाजसेवी मृत्युंजय पांडे और डॉ. रामराज भारती ने उनके सरल, सौम्य और मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते थे। गौरतलब है कि लगभग 68 वर्षीय श्यामसुंदर पांडेय का शनिवार को वाराणसी के हेरिटेज अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। शुक्रवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। स्वर्गीय पांडेय लंबे समय से पत्रकारिता में सक्रिय थे। उन्होंने राष्ट्रीय सहारा, बिहार जागरण और अखिल भारतीय हिंदी समाचार पत्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं दी थीं और वर्तमान में वे राष्ट्रीय सागर से जुड़े हुए थे। इस शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद सिंह, शोएब खान, तुराब खान, ब्रजेश दुबे, चंद्रभूषण तिवारी, पिंटू तिवारी सहित प्रखंड प्रमुख श्याम कुमार साह, उमेश पांडे, पथिक तिवारी, मुन्ना पांडे, राजेंद्र प्रजापति और बलदाऊ चौबे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी ने शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# नीतीश सरकार के सुशासन के दावों की खुली पोल, बिहार में सिर्फ कागजों पर हो रहा विकासः संतोष कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार ने बिहार की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सूबे में 'सुशासन' के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो चुके हैं और ज़मीनी हकीकत इसके ठीक उलट है।

**विकास सिर्फ विज्ञापनों और कागजों तक सीमितः** वही मीडिया को संबोधित करते हुए संतोष कुमार ने कहा कि आज बिहार का विकास केवल सरकारी विज्ञापनों, होर्डिंग्स और कागजों तक सिमट कर रह गया है। धरातल पर न तो युवाओं के लिए रोजगार है, न किसानों को उनकी फसलों का सही दाम मिल रहा है और न ही कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधरी है। नीतीश कुमार के राज में जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

**अफसरशाही और भ्रष्टाचार का बोलबालाः** बता दें कि पूर्व प्रत्याशी ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में अफसरशाही (ब्यूरोक्रेसी) इस कदर हावी हो चुकी है कि आम जनता की फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है। ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालयों तक बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री का अपनी ही सरकार के अधिकारियों पर से नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो चुका है।

**जनता बदलाव के मूड में:** आपको बताते हुए चलें कि संतोष कुमार ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बिहार की समझदार जनता अब इस खोखले शासन को समझ चुकी है। बुनियादी सुविधाओं (शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार) के मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो चुकी इस सरकार को आने वाले समय में जनता सबक सिखाएगी और राज्य में एक सच्चे विकासवादी विकल्प को चुनेगी।

# जिला अधिवक्ता संघ भभुआ के वरिष्ठ सदस्य अमरदेव सिंह का पटना में निधन, 56 साल तक की वकालत, एजीपी पद पर कार्यरत थे

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ/कैमूर**/पटना- जिला अधिवक्ता संघ भभुआ-कैमूर के वरिष्ठ सदस्य व सिविल कोर्ट के एजीपी अधिवक्ता अमरदेव सिंह का रविवार 8 जून 2026 को पटना में निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब 12:30 बजे वे पटना में बड़े पुत्र के डेरा से बाहर निकले थे। तभी दरवाजे के पास रास्ते में गिर गए और वहीं उनकी मृत्यु हो गई। निधन की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि अमरदेव सिंह बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना के सदस्य 11 फरवरी 1969 को बने थे। रजिस्ट्रेशन नंबर 481/1969। 12 फरवरी 1969 को वे जिला अधिवक्ता संघ भभुआ-कैमूर के सदस्य बने और सिविल कोर्ट भभुआ में नियमित वकालत करते थे। पिछले 35 वर्षों से वे अॅढ पद पर कार्यरत थे। तबीयत खराब रहने के कारण पिछले 3 महीने से कोर्ट नहीं आ रहे थे। उनका पैतृक गांव अखलासपुर, थाना भभुआ व वर्तमान पता वार्ड नंबर 10 चकबंदी रोड, भभुआ है। उनके बड़े पुत्र राकेश कुमार जगदीशपुर अनुमंडल सिविल कोर्ट में सब जज प्रथम के पद पर तैनात हैं। श्री राकेश ने बताया कि आज शाम 7 बजे तक पार्थिव शरीर भभुआ लाया जाएगा। शोक संवेदनाः अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह, लल्लन जी पाण्डेय, शशिकांत तिवारी, कमलेश्वर तिवारी, जंग बहादुर सिंह, प्रहलाद सिंह, मंटू पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह, पूर्व महासचिव ओमप्रकाश, मुनन तिवारी, अंशु तिवारी, परमहंस पांडे, सीताराम यादव, अनिल कुमार, गिरीश श्रीवास्तव, रणधीर दुबे, जगत नारायण तिवारी, हरिद्वार पाण्डेय, श्रीकांत उपाध्याय, सच्चिदानंद राय, मदन गोपाल गुप्ता, अंजनी कुमार पाण्डेय, राजकुमारी मिश्रा, राजेंद्र पाण्डेय, रमन जी पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने शोक प्रकट किया।

# राम जानकी मंदिर में जुटे सुराजी, व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जनसुराज पार्टी के संगठन नवनिर्माण एवं विस्तार को लेकर चलाए जा रहे प्रखंड स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार को नुआंव प्रखंड में एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। नुआंव स्थित ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक में पार्टी की मजबूती, सांगठनिक विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उमड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प को और मजबूती दी।

**शीर्ष नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोशः** बैठक को संबोधित करते हुए जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एस.एन. चौबे और कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी हरिहर पांडेय ने कहा कि जनसुराज का मुख्य उद्देश्य बिहार में एक नए और ईमानदार राजनीतिक विकल्प का निर्माण करना है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मृगेंद्र तिवारी और वरिष्ठ नेता अनिमेष हर्षवर्धन ने कृषि और स्थानीय विकास के मुद्दों पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी जमीनी स्तर पर हर वर्ग को हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**बैठक में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थितः** इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष अमित राय, वरिष्ठ नेता टुनटुन ओझा, कृष्ण मोहन पांडेय, पूर्व मुखिया नसीहुद्दीन सहित नुआंव प्रखंड के तमाम सक्रिय जनसुराजी साथी और भारी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

**जिलाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व की सराहना, कार्यकर्ताओं ने जताया आभारः** बैठक की सफलता पर कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बंशलोचन राम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि कैमूर में जनसुराज की अलख जगाने वाले और सादगी के प्रतीक जिलाध्यक्ष बंशलोचन राम के मार्गदर्शन में संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जमीनी कार्यकर्ताओं की आवाज बनकर हर प्रखंड में संगठन को मजबूती देने वाले आदरणीय जिलाध्यक्ष जी का समर्पण पूरे जिले के जनसुराजियों के लिए एक महान प्रेरणापुंज है।

# दुर्गावती में रात्रि प्रहरी प्रखंड समिति गठित, सुनील कुमार अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज




**कैमूर/दुर्गावती ।** बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी कर्मचारी संघ कैमूर के जिला अध्यक्ष श्रीकांत कुमार के नेतृत्व में रविवार को दुर्गावती प्रखंड के उच्चतर विद्यालय कल्याणपुर में प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया।जिला उपाध्यक्ष दिलीप तिवारी, जिला सचिव रिंकू राम गोंड व जिला वीसी संचालक संजय राम की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सुनील कुमार अध्यक्ष, रवि कुमार उपाध्यक्ष, सुवाष रावत सचिव, चन्द्रशेखर प्रसाद उपसचिव व अभिषेक पाण्डय उर्फ मनोज कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। रात्रि प्रहरियों ने सरकार से मांग की कि उनकी सेवा 60 वर्ष नियमित हो, सेवा पुस्तिका संधारित हो, मानदेय सीधे उनके खाते में दिया जाए और सुरक्षा किट उपलब्ध कराया जाए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ऐट पुलिस टीम ने एक गांजा तस्कर को 2.120, किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल




लोकतंत्र की आवाज

उरई । पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन मे थाना एट पुलिस टीम द्वारा 01 गांजा तस्कर को 2.120 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन विनय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डा ईशान सोनी के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण व परिवहन एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना एट पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 08.06.2026 को गांजा तस्कर अभियुक्त विवेक पुत्र रामशरण अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बीज गोदाम के पास वार्ड नं0 01 कस्बा व थाना एट जनपद जालौन को 2.120 कि0ग्रा0 गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना एट में मु0अ0सं0 70/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– विवेक पुत्र रामशरण अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बीज गोदाम के पास वार्ड नं0 01 कस्बा व थाना एट जनपद जालौन अभियुक्त विवेक अहिरवार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास– मु0अ0सं0 70/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना एट जनपद जालौन, मु0अ0सं0 181/2025 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट थाना एट जनपद जालौन, मु0अ0सं0 53/2025 धारा 305 (ए)/317(2)/331 (4) बीएनएस थाना एट जनपद जालौन, मु0अ0सं0 27/2024 धारा 380/411 बीएनएस थाना एट जनपद जालौन, अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।, बरामदगी का विवरण– 2.120 किलोग्राम अवैध गांजा।गिरफ्तार करने वाली टीम :–थानाध्यक्ष एट मय पुलिस टीम,

### पुलिस अधीक्षक ने द्वितीय चरण की पुलिस पद / समकक्ष लिखित परीक्षा को निष्पक्ष कराने हेतु परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया



लोकतंत्र की आवाज

उरई । पुलिस अधीक्षक ने आज पुलिस पदों पर होने वाली परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए आज दिनांक 08.06.2026 को आरक्षी नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा द्वितीय पाली को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जालौन द्वारा जनपद के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्थाओं, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये ।

# भाजपा समर्थकों ने राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. अलका सिंह गुर्जर से की आत्मीय मुलाकात, नामांकन कार्यक्रम में भी हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद सोमवार को जयपुर में डॉ. अलका सिंह गुर्जर के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने डॉ. अलका सिंह गुर्जर से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

नामांकन कार्यक्त्रम में सेवानिवृत शिक्षक मोरसिंह गुर्जर पूर्व शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष टोंक, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष उनियारा कौशल कुमार गुर्जर, अलीगढ़ पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मीणा खोहल्या, पूर्व भाजपा देहात मंत्री मुकेश बैंसला गुर्जर (बनेठा), रामेश्वर गुर्जर (कल्याणपुरा) सहित अनेक भाजपा समर्थक एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. अलका सिंह गुर्जर को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे राज्यसभा में राजस्थान के हितों और जनभावनाओं की प्रभावी पैरवी



करेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृ शक्ति महिलाओं ने भी कार्यक्त्रम में भाग लिया तथा मंगल गीत गाकर अपनी खुशी व्यक्त की और शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्त्रम के दौरान संगठन की मजबूती, जनसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई ।उपस्थित जनों ने कहा कि डॉ. अलका सिंह गुर्जर का राज्यसभा जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है और उनके अनुभव का लाभ राजस्थान को मिलेगा।

## स्कूल मार्ग पर जलभराव और नाले पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार व ग्राम विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/अलीगढ़**। अलीगढ़ तहसील क्षेत्र की बरड़ा ढाणी के ग्रामीणों ने नव–निर्मित नाले के संबंध में उपखंड अधिकारी उनियारा, तहसीलदार अलीगढ़ एवं ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अलीगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि महादेव मंदिर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरड़ा तक नाले का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। ग्रामीणों का आरोप है कि सार्वजनिक नाले के पुराने मार्ग को अवरुद्ध कर वहां चबूतरे बना दिए गए हैं, जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि रामअवतार सैनी पुत्र भैरूलाल सैनी तथा पप्पूलाल सैनी पुत्र स्वर्गीय अम्बालाल सैनी द्वारा नाले के मार्ग को अवरुद्ध किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त स्थान पर बनाए गए चबूतरों के कारण वर्षाजल की निकासी बाधित हो रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि वर्तमान में नाला खसरा संख्या

- **महादेव मंदिर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरड़ा तक बन रहे नाले को पुराने मार्ग से निकालने की मांग, बच्चों की सुरक्षा को बताया बड़ा मुद्दा**

220 से प्रस्तावित किया जा रहा है और उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने मांग की है कि कथित अतिक्त्रमण हटाकर सार्वजनिक नाले को उसी पुराने मार्ग से निकाला जाए, जहां से पूर्व में पानी की निकासी होती थी।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इसी मार्ग से राजकीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के बच्चे प्रतिदिन आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में इस रास्ते पर करीब ढाई से तीन फीट तक पानी भर जाने से विद्यार्थियों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण से पूर्व नाले का निर्माण करवाने, जल निकासी मार्ग को अतिक्त्रमण मुक्त कराने तथा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन पर कई महिला–पुरूष ग्रामीणों के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

## परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा 6 परिवारों का सुलह समझौता कराया बिखरने से बचे



लोकतंत्र की आवाज

**उरई**। महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई–झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी–खुशी साथ रहने की बात कही गयी ।

आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक–दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी ।

# सहकारिता विभाग द्वारा संचालित फसल बीमा योजना एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**

**झारखंड** (2026.06.09)। अनुश्रवण का तात्पर्य निगरानी/मॉनिटरिंग सहकारिता विभाग में अनुश्रवण समिति के पांच मुख्य कार्य है एक छोटे से उदाहरण के तौर पर जैसे की कोई पैक्स धान खरीद में कोई गड़बड़ी कर रहा हो या कोई लैंपस खाद ब्लैक कर रहा हो।

उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण को लेकर जिला अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, किसानों के पंजीकरण, बीमा कवरेज तथा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, असामान्य मौसम तथा अन्य कृषि जोखिमों से होने वाले नुकसान के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किया जाए तथा पात्र किसानों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

साथ ही बीमा संबंधी शिकायतों एवं लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना की नियमित निगरानी की जाए तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर बीमा सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित सभी प्रिरयाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें तथा किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दो दिन में कार्रवाई के निर्देश-एक माह बाद भी नहीं हुई पालना, प्रशासनिक जवाबदेही पर उठ रहे सवाल

लोकतंत्र की आवाज

**मुजम्मिल अहमद सारण**

**उनियारा,(टोंक )**। जिले की पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत बिलौता के प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी को जारी किए गए आदेश की समयबद्ध पालना नहीं होने से प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवाद संख्या 052636326570278 के संबंध में पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी ने 12 मई 2026 को पत्र क्त्रमांक 1000 जारी कर ग्राम पंचायत बिलौता के प्रशासक सुरेश मीणा एवं ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा को दो दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आदेश जारी होने के लगभग एक



माह बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार परिवाद में शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत बिलौता क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य मद से कराए गए विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत स्थापित सीमेंटेड बैठने की कुर्सियों पर नियमों के विपरीत वर्तमान प्रशासक (सरपंच) सुरेश मीणा का नाम अंकित किया गया है। शिकायतकर्ता ने इसे सरकारी धन के दुरुपयोग एवं नियम विरुद्ध कार्य बताते हुए संबंधित नाम हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीर मानते हुए पंचायत समिति उनियारा के खंड विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था कि दो दिन के भीतर

- **पंचायत समिति उनियारा के बीडीओ का आदेश साबित हुआ बेअसर**
- **बिलौता पंचायत के प्रशासक सुरेश मीणा पर नियम विरुद्ध पद के दुरुपयोग के आरोप, कार्रवाई की मांग**

उक्त नाम हटाकर अथवा नई कुर्सियां लगवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा अनुपालना रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।हालांकि शिकायतकर्ता परिवादी रामबाबू मीणा सहित लोकेश मीणा का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद आदेश की पूर्ण पालना नहीं की गई है और न ही कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की गई है।

ऐसे में यह मामला प्रशासनिक आदेशों की प्रभावशीलता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब सक्षम अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, तब उनकी अनुपालना सुनिश्चित नहीं होना प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आदेश की अनुपालना नहीं होने के कारणों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी के निर्देशों की तत्काल प्रभाव से पालना सुनिश्चित कराई जाए, ताकि शासन–प्रशासन के आदेशों की गरिमा बनी रहे और आमजन का विश्वास प्रशासन पर कायम रह सके।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन टोंक द्वारा शर्बत सेवा कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक** । अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, टोंक द्वारा सोमवार को स्थानीय बस स्टैंड पर भीषण गर्मी के बीच शर्बत सेवा कार्यक्रमका आयोजन कर सेवा भाव की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के तहत यात्रियों को शुद्ध गुलाब का शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

संस्था की सचिव शिक्षा विजय एवं कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बताया कि संगठन की अध्यक्ष अलका भंडारी के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्त्रम में करीब 2100 ग्लास शुद्ध गुलाब शर्बत यात्रियों को वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में इस प्रकार के सेवा कार्यों का विशेष महत्व है और संगठन समय–समय पर जनहित में ऐसे आयोजन करता रहता है।संगठन की



अध्यक्ष अलका भंडारी ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपने–अपने क्षेत्र में समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भीषण गर्मी के बीच शुद्ध एवं प्राकृतिक शर्बत प्राप्त कर यात्रियों ने राहत महसूस की तथा संगठन के सेवा भाव और सामाजिक सरोकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजिका ज्योति जैन सायवाड़ ने कार्यक्त्रम में सहयोग करने वाली सभी मातृशक्ति एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष अलका भंडारी, सचिव शिक्षा विजय, कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, रंजना गर्ग, ममता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, खुशबू अग्रवाल, सोहिनी मूंदड़ा, ज्योति शर्मा, हेमलता तोषनीवाल, सीमा जैन, निशि जैन, गुड्डी शर्मा, ज्योति जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं।


## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन टोंक द्वारा शर्बत सेवा कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक** । अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, टोंक द्वारा सोमवार को स्थानीय बस स्टैंड पर भीषण गर्मी के बीच शर्बत सेवा कार्यक्त्रम का आयोजन कर सेवा भाव की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के तहत यात्रियों को शुद्ध गुलाब का शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

संस्था की सचिव शिक्षा विजय एवं कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बताया कि संगठन की अध्यक्ष अलका भंडारी के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में करीब 2100 ग्लास शुद्ध गुलाब शर्बत यात्रियों को वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में इस प्रकार के सेवा कार्यों का विशेष महत्व है और संगठन समय–समय पर जनहित में ऐसे आयोजन करता रहता है।संगठन की अध्यक्ष अलका भंडारी ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपने–अपने क्षेत्र में समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। भीषण गर्मी के बीच शुद्ध एवं प्राकृतिक शर्बत प्राप्त कर यात्रियों ने राहत महसूस की तथा संगठन के सेवा भाव और सामाजिक सरोकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

- **नर सेवा नारायण सेवा की मिसाल, भीषण गर्मी में 2100 ग्लास शुद्ध गुलाब शर्बत से की यात्रियों की सेवा**

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजिका ज्योति जैन सायवाड़ ने कार्यक्त्रम में सहयोग करने वाली सभी मातृशक्ति एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष अलका भंडारी, सचिव शिक्षा विजय, कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, रंजना गर्ग, ममता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, खुशबू अग्रवाल, सोहिनी मूंदड़ा, ज्योति शर्मा, हेमलता तोषनीवाल, सीमा जैन, निशि जैन, गुड्डी शर्मा, ज्योति जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं।


## कीर समाज राजस्थान के मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा कैलाश मानसरोवर यात्रा पर

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक** । राजस्थान प्रदेश कहार-कीर-केवट-कश्यप-मेहरा स्वजातीय समाज विकास मंच के मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा (जयपुर) इन दिनों पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पर हैं।

मंच के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया कि बजरंग लाल मेहरा दिल्ली से हवाई यात्रा के माध्यम से कैलाश मानसरोवर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव के पावन धाम में दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने 25 जून 2026 को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर माण्डकलां (नगरफोर्ट) में आयोजित होने वाले कीर-कहार-



केवट स्वजातीय समाज के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन की सफलता के लिए भी प्रार्थना की।साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत एवं वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प की सफलता की कामना भी की।

यात्रा के दौरान शिष्टमंडल ने हिमालय क्षेत्र के अनेक पवित्र एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया।इनमें आदि कैलाश, ओम पर्वत, नंदा देवी पर्वत, महर्षि वेदव्यास गुफा, काली माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थल शामिल रहे।यात्रियों ने इन स्थलों को भारत का स्वर्ग बताते हुए उनकी प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता का वर्णन किया। बजरंग लाल मेहरा ने बताया कि ओम पर्वत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में भारत-नेपाल-चीन सीमा के निकट स्थित है। समुद्र तल से लगभग 5,591 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह पर्वत प्राकृतिक रूप से बर्फ से निर्मित 'ॐ' की आकृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि नंदा देवी पर्वत उत्तराखंड के चमोली जिले के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित है। इसकी ऊंचाई 7,816 मीटर (25,643 फीट) है। यह कंचनजंगा के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा पर्वत है तथा पूरी तरह भारत की सीमा के भीतर स्थित सबसे ऊंचा पर्वत माना जाता है।इसके आसपास का क्षेत्र नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के रूप में संरक्षित है, जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है।

इस पवित्र यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा के साथ सत्यपाल कश्यप (दिल्ली), बालकिशन (हरियाणा) एवं ताराचंद बमणावत (दिल्ली) भी शामिल हैं। मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार, प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा (चेयरमैन), वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद कहार एडवोकेट, नगरफोर्ट सम्मेलन अध्यक्ष सायरलाल मंगरियाव तथा संयोजक किशनलाल कहार (व्याख्याता, नगरफोर्ट) ने बजरंग लाल मेहरा एवं उनके साथियों को कैलाश मानसरोवर यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।